संपादक : दिलीप नानजीभाई पटेल ❖ उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा ❖ वर्ष-03 ❖ अंक-26 ❖ मुंबई ❖ रविवार 19 से 25 जून 2022 ❖ पृष्ठ-8 ₹4/-

RNI No. MAHHIN/2020/78591
Postal Reg. No. MNW/354/2020-2022

# मुंबई तरंग



www.mumbaitarang.com

पेज 3
शिवसेना में जाएंगी पंकजा मुंडे? ट्वीटर पर बदली प्रोफाइल फोटो, एमएलसी का टिकट कटने से थीं नाराज




पेज 5
मप्र पुलिस की भर्ती में अग्निपथ के जवानों को प्राथमिकता देगी सरकार : शिवराज



पेज 7
सैम बहादुर में इंदिरा गाँधी के किरदार में नजर आयेंगी फातिमा



पेज 8
गीत संगीत व नृत्य के माध्यम से कत्थक सम्राट स्व. बिरजू महराज को श्रध्दांजलि दी जाएगी




## एक नजर

### महिला से छेड़छाड़

**मोदीनगर।** आदर्श नगर की मोबाइल मार्केट में बीती दिन देर शाम एक महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है तथा विरोध करने पर महिला और उसके पति के साथ मारपीट की गई। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दी गई है। एक गांव निवासी महिला अपने पति के साथ स्कूटी द्वारा मोबाइल मार्केट में मोबाइल खरीदने के लिए आई थी। बताया जाता है कि तभी एक युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और जब इसका विरोध पति ने किया तो युवक ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में महिला का पति घायल हो गया। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दी गई है और पुलिस का कहना कि मामले की जांच की जा रही है।

### सेल्समैन से मारपीट

**मोदीनगर ।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर कादराबाद गांव के पास बीती रात शराब देने से मना करने पर कुछ लोगों ने सेल्समैन के साथ मारपीट की। जिसमें सेल्समैन घायल हो गए। कादराबाद के पास शराब का ठेका है। इस ठेके पर गांव रघुनाथपुर खेड़ा निवासी राकेश तथा कदराबाद निवासी जयवीर सेल्समैन के रूप में कार्यरत है। बताया जाता है कि बीती रात जब शराब का ठेका बंद हो गया था तभी कुछ दबंग लोग आए और शराब देने की बात करने लगे। लेकिन ठेका बंद होने के बाद सेल्समैन ने शराब देने के लिए मना कर दिया। इसी से गुस्साए लोगों ने दोनों सेल्समैन के साथ मारपीट की। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दी गई है।

### लोगों को किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा।** मंगलमय संस्थान में बृहस्पतिवार को 'सड़क सुरक्षा' पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। संस्थान के वाइस चेयरमैन आयुष मंगल और एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर प्रेरणा मंगल ने मशाल जलाकर जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान हेलमेट मैन के नाम से प्रसिद्ध राघवेन्द्र कुमार ने छात्रों को आप बीती सुनाकर हेमलेट लगाने के फायदों के बारे में बताया। वहीं गिनीज वर्ल्डे रिकॉर्डर विनोद चैधरी ने छात्रों को रोड सेफ्टी की जानकारी दी। संस्थान के डायरेक्टर अरुण कुमार राणा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र न सिर्फस्वयं सड़क नियमों को लागू करेंगे, अपितु अन्य लोगों को भी सड़क नियमों को लागू करने के लिए प्रेरित करेंगे।इस मौके पर डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. गजल सिंह, सोनाली चौहान, डॉ. अंशु गोयल, डॉ. मुनीष कुमार तिवारी, डॉ. श्रुति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

### कार्यशाला आयोजित

**नोएडा।** सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम में बृहस्पतिवार को इंटरनेशनल एसोसिएशन फार ह्यूमन वैल्यूज एवं एडोब नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिन की एक कार्यशाला मासिक धर्म आरोग्य एवं स्वच्छता जागृति शिविर का आयोजन किया गया। सविता शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में आश्रम में रह रही प्रभुजी महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया।






'अग्निपथ' योजना का विरोध करते आइसा कार्यकर्ता को रोकती पुलिस (बाएं) व योजना के खिलाफ प्रदर्शन करते संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के कार्यकर्ता।

# 'अग्निपथ' के खिलाफ प्रदर्शन, कुछ मेट्रो स्टेशनों के द्वार किए बंद

■ प्रदर्शनकारियों ने आईटीओ पर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

■ दिल्ली गेट व जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशनों के गेट किए बंद

**नई दिल्ली** केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ वामपंथी छात्र संगठनों और आम आदमी पार्टी (आप) की छात्र शाखा ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली के कुछ मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार शुक्रवार को बंद कर दिए गए।

डीएमआरसी ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए यात्रियों को सुरक्षा कारणों से स्टेशनों के द्वार बंद होने के बारे में जानकारी दी। आइसा के सदस्यों ने 'अग्निपथ' योजना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ पुलिस के रवैये के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। डीएमआरसी ने ट्वीट कर जानकारी दी कि सुरक्षा कारणों के चलते शुरूआत में आईटीओ मेट्रो स्टेशन और ढांसा बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन के कुछ दरवाजे बंद किये गए। बाद में ढांसा बस स्टैंड के सभी द्वार कुछ देर के लिये बंद कर दिये गए। इससे पहले, डीएमआरसी ने दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर ट्वीट किया, आईटीओ मेट्रो स्टेशन के सभी द्वार बंद है। डीएमआरसी ने कहा कि दिल्ली गेट और जामा मस्जिद सहित कुछ अन्य मेट्रो स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वार भी कुछ समय के लिए बंद किए गए। प्रदर्शनकारी हाथ में तख्ती लिए नजर आए, जिस पर ' सशस्त्र बलों में रिक्त सभी पदों पर तत्काल स्थायी आधार पर भर्ती हो", अग्निपथ योजना वापस लें और " (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी सरकार जाग जाओ" लिखा था। उन्होंने कहा कि केवल रोजगार के मोर्चे पर अपनी विफलता को छिपाने के लिए, सरकार ने एक अनुबंध योजना बनाई है। युवा जीवन भर सेवा करना चाहते है, चार साल नहीं। सरकार को इस मनमानी योजना को वापस लेना चाहिए। दूसरी तरफ यूथ कांग्रेस के दफ्तर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरा इलाका छावनी में तब्दील था। रायसीना रोड को बंद कर दिया गया था।

आईटीओ पर नारेबाजी भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने, 'अग्निपथ वापस लो, तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। छात्रों के समूह ने दावा किया कि उसके कई सदस्यों को विरोधप्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 17 से 18 युवक विरोध प्रदर्शन के लिये आईटीओ पर जमा हुए। उन्हें हिरासत में लेकर तत्काल इलाके से हटा दिया गया। आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. साई बालाजी ने कहा कि हम अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इससे रक्षा क्षेत्र में नौकरियों संविदा आधारित हो जाएंगी। मोदी सरकार को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए शर्म आनी चाहिए।

## 'देश को नौजवानों के आक्रोश से बचा लीजिए मोदी जी'

■ 'अग्निपथ' योजना के विरोध में आज उप्र के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन करेगी आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कल अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी और सरकार को ज्ञापन देगी।

यह जानकारी देते हुए 'आप' के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि नौजवान बड़ी मुश्किल से सेना में भर्ती होंगे और पीएम मोदी उन्हें चार साल में बाहर निकाल देंगे। यह युवाओं के साथ विश्वासघात है, इसे तत्काल वापस लिया जाए। दुनिया के तमाम देशों में सुरक्षा के लिए प्राइवेट आर्मी भी हायर की जाती है, कहीं ऐसा न हो कि मोदी अपने पूंजीपति मित्रों के लिए प्राइवेट आर्मी तैयार कर रहे हों।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुहार लगाई कि देश को नौजवानों के आक्रोश से बचा लीजिए, ऐसा न हो कि समय बीतने के बाद पछताकर कानून वापस लेना पड़े।

संवाददाताओं से बात करते हुए संजय सिंह ने कहा कि भारतीय सेना भारत का गौरव है और देश की सीमाओं की रक्षा करने के लिए है। सेना में भर्ती होने वाला देश का नौजवान अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा करता है। आप नेता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जो अग्निपथ योजना लाई है, यह निश्चित तौर पर निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाई गई है।

नौजवान सेना में भर्ती होने के लिए चार साल तक तैयारी करेगा। चार साल तैयारी करने के बाद बड़ी मुश्किल से उसकी भर्ती होगी। इसमें सए दो साल ट्रेनिंग और छुट्टियों में चले जाएंगे। सिर्फ दो साल वह नौकरी करेगा।

चार साल की नौकरी के बाद पीएम मोदी जब उसको निकालकर सड़क पर बाहर खड़ा कर देंगे तो उसके सामने आत्महत्या करने, भीख मांगने, अपराध करने या निजी कंपनी में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करने के सिवाय कोई दूसरा रास्ता नहीं बचेगा।

## कड़ी मेहनत के लिए रहें तैयार! मुख्यमंत्री ने दी दसवीं के उत्तीर्ण छात्रों को बधाई



मुंबई, दसवीं की परीक्षा पास करनेवालों का मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अभिनंदन किया है। इसके साथ ही सभी को आगे की उज्जवल शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। शिक्षण प्रवास के पहले चरण को आपने सफलता पूर्वक पार किया है। इस सफलता के लिए आप सभी का मन:पूर्वक अभिनंदन ! अब, आगे की शैक्षणिक यात्रा में, विभिन्न क्षेत्रों में अपने पसंद को करियर के रूप में चिह्नित करना होगा। इसमें सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने और मन लगाकर पढ़ाई करने को तैयार रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं! ऐसा मुख्यमंत्री ने अपने अभिनंदन संदेश में कहा है।

## महाविकास आघाड़ी के सभी उम्मीदवार होंगे निर्वाचित !
## शिवसेना विधायकों की सह्याद्रि में बैठक

मुंबई, विधान परिषद चुनाव के लिए शिवसेना ने मजबूत रणनीति तैयार की है। इस संबंध में कल 'सह्याद्रि' गेस्ट हाउस में शिवसेना के सभी विधायकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधान परिषद चुनाव में मतदान प्रक्रिया को लेकर विधायकों का मार्गदर्शन किया गया। शिवसेना विधायक आदेशानुसार मतदान करेंगे, महाविकास आघाड़ी के सभी उम्मीदवार चुनकर आएंगे, ऐसा विश्वास इस बैठक के बाद व्यक्त किया गया। विधान परिषद चुनाव के लिए कल शिवसेना विधायक मुंबई में दाखिल हुए।



इसी परिप्रेक्ष्य में कल 'सह्याद्रि' गेस्ट हाउस में शिवसेना विधायकों, शिवसेना समर्थक निर्दलीय विधायकों और छोटे दल के विधायकों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की जानकारी शिवसेना सचिव अनिल देसाई और परिवहन मंत्री अनिल परब ने दी। कल हुई बैठक में शिवसेना विधायकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विधायकों को सारी प्रक्रिया समझा दी गई है, ऐसा देसाई ने बताया।

राज्यसभा चुनाव में गलतियों की पुनरावृत्ति न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महाविकास आघाड़ी के रूप में हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे। आघाड़ी के नेताओं के निर्णय के अनुसार विधायक मतदान करेंगे, ऐसी जानकारी अनिल परब ने दी।

## बेचने आया था ड्रग्स पहुंच गया हवालात



मुंबई, कुर्ला के बोहरा कब्रिस्तान के पास जाल बिछाकर क्राइम ब्रांच यूनिट-५ ने दो ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तलाशी के दौरान इनके पास से करीब ४ करोड़ रुपए का ड्रग्स बरामद किया है। क्राइम ब्रांच यूनिट-५ के प्रभारी पुलिस निरीक्षक घनश्याम नायर ने बताया कि धारावी और बांद्रा के रहनेवाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि ड्रग्स तस्करी के लिए कुछ लोग कुर्ला के बोहरा कब्रिस्तान आनेवाले हैं। इस सूचना के आधार पर जाल बिछाकर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से करीब ३,०७० ग्राम एमडी ड्रग्स मिला है।

## अग्निपथ योजना के विरोध में उतरी एनसीपी, 20 जून को पूरे महाराष्ट्र में होगा आंदोलन





मुंबई: पूरे देश में अग्निपथ योजना का विरोध किया जा रहा है। बिहार समेत कई जगहों पर युवाओं द्वारा हिंसक प्रदर्शन किए जा रहे हैं। तोड़फोड़ और गाड़ियों को जलाया जा रहा है। यह आंदोलन धीरे-धीरे और भी तीव्र होता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में अब इसकी आग महाराष्ट्र तक भी पहुंच चुकी है। महाराष्ट्र की सत्ता में शामिल एनसीपी की यूथ विंग इस मुद्दे को लेकर काफी आक्रामक है। आगामी 20 जून को एनसीपी यूथ विंग पूरे महाराष्ट्र में अग्निपथ योजना के खिलाफ आंदोलन करेगी। एनसीपी यूथ विंग के कार्याध्यक्ष रविकांत वरपे ने एनबीटी ऑनलाइन को बताया कि पूरे महाराष्ट्र में इस योजना के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेना में ठेकेदारी पद्धति से जवानों की भर्ती करना सरासर गलत है। इस कदम से सेना को भी काफी नुकसान हो सकता है। वरपे ने कहा कि जिस तरह से केंद्र सरकार ने किसान विरोधी कृषि कानूनों को वापस लिया था।

उसी प्रकार से इस कदम को भी पीछे लेना पड़ेगा। वरपे ने कहा कि देशभक्ति की झूठी माला पहन कर देश की सुरक्षा और सेना को खतरे में लाने का काम बीजेपी कर रही है। आम जनता, किसान, गरीब परिवार के लोग देश की सेवा के लिए सेना में शामिल होते हैं और देश की सरहद की सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी तक लगा देते हैं।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का आरोप : भाजपा करना चाहती है युवाओं का भविष्य बर्बाद!

मुंबई, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने `अग्निपथ' योजना के नाम से एक और विचारहीन और मनमाना फैसला लेकर देश के करोड़ों युवाओं के साथ क्रूर मजाक किया है।

यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कही। उन्होंने कहा कि `अग्निपथ' के तहत सेना में केवल ४ साल की सेवा का मतलब है कि युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलना, इन युवकों को चार साल की सेवा के बाद फिर से बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा।

पटोले ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर साल २ करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा चुनावी हथकंडा साबित हुआ है और युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगा गया है। वर्तमान में केंद्र सरकार में ६२ लाख २९ हजार रिक्तियां हैं, जिनमें से २ लाख ५५ हजार रिक्तियां भारतीय सेना में हैं। उनमें से केवल ४६,००० की भर्ती का निर्णय बड़ी धूमधाम से किया गया है। छह महीने की ट्रेनिंग और फिर ३.५ साल की नौकरी और सिर्फ ३० से ४० हजार रुपए की सैलरी। न तो सुरक्षा की गारंटी और न ही भविष्य का प्रावधान। चार साल की सेवा के बाद ये जवान फिर से सेना में सेवा करने में



सक्षम नहीं होंगे। सेना की सेवा छोड़ने के बाद इन युवाओं को सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करना पड़ेगा या जीवनयापन के लिए सड़कों पर ठोकर खानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि देशभर में चल रहे तीव्र आंदोलन से यह स्पष्ट है कि `अग्निपथ' के नाम से `जुमलापथ' युवाओं को स्वीकार्य नहीं है।

नाना पटोले ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने में हमारे जवान अपनी जान की परवाह नहीं करते हैं। हमारे जवान किसी भी पार्टी या संगठन से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करना देश की सुरक्षा के साथ समझौता है। मोदी सरकार का यह फैसला जवानों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश की सभी तरफ से सुरक्षा का सवाल है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार को तुरंत इस फैसले को वापस लेना चाहिए।

# विपक्ष नहीं एकजुट



अगले महीने प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ और विपक्षी खेमों में गतिविधियां जरूर शुरू हो गई हैं, लेकिन अभी तक मामला औपचारिक कोशिशों से आगे नहीं बढ़ पाया है। और तो और विपक्षी दलों में इसे लेकर कोई एकता भी नहीं दिख रही है। 2024 में आम चुनाव होने हैं। राष्ट्रपति इलेक्शन समेत उससे पहले होने वाले सभी चुनावों में विपक्ष किस तरह से गोलबंदी करता है, यह मायने रखता है। इसी गोलबंदी से तय होगा कि अगले लोकसभा चुनाव में ताकतवर बीजेपी का ये पार्टियां कैसे मुकाबला करेंगी और क्या वे उसे मजबूत टक्कर दे पाएंगी। राष्ट्रपति चुनाव को लेकर जहां विपक्ष के पास अभी कोई स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है, वहीं सत्ता पक्ष में इसे लेकर दुविधा या उलझन के कोई संकेत नहीं हैं। उसके सामने सभी सहयोगियों को साथ रखने की चुनौती जरूर है। खासकर, नीतीश कुमार के हालिया रुख की वजह से यह चुनौती कुछ गंभीर लगने लगी है। लेकिन इसके बरक्स विपक्षी खेमे को देखें तो वहां उलझन और दुविधा ही नहीं आपसी स्पर्धा और तालमेल की कमी भी साफ दिख रही है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से विपक्षी दलों के नेताओं से संपर्क साधने की प्रक्रिया शुरू ही हुई थी कि टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने अपनी तरफ से विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुला ली। इस जल्दबाजी पर कई दलों और नेताओं ने एतराज भी जताया। कई दलों ने प्रमुख नेताओं के बजाय दूसरी-तीसरी पांत के नेताओं को भेजकर काम चला लिया। तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख केसीआर काफी पहले से विपक्षी दलों को एकजुट करने की मुहिम में लगे हुए हैं। इसके बावजूद उन्होंने बैठक में शामिल होना जरूरी नहीं समझा। यहां तक कि उनकी पार्टी की तरफ से कोई प्रतिनिधि भी इस बैठक में नहीं भेजा गया। ध्यान रहे, राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष जीत-हार की लड़ाई नहीं लड़ रहा। चुनाव होने की स्थिति में सत्तारूढ़ एनडीए के उम्मीदवार का जीतना लगभग तय माना जा रहा है।



अगर कुछ महत्वपूर्ण है तो यह सवाल कि दोनों पक्षों में से कौन सा पक्ष कितनी एकजुटता और कितना सामंजस्य बनाए रखते हुए कितनी अच्छी रणनीति से लड़ता है और यह भी कि बाड़ पर खड़े दलों में से कौन कितने को अपनी तरफ खींच पाता है।

इस लिहाज से शिरोमणि अकाली दल, आम आदमी पार्टी, बीजेडी और वाईएसआरसीपी जैसे नॉन-एनडीए दल विपक्षी खेमे के लिए महत्वपूर्ण हैं। फिर भी ये सभी पार्टियां विपक्षी दलों के नेताओं की इस बैठक से गैरहाजिर रहीं। कहा जा सकता है कि यह तो पहली ही बैठक थी। ममता बनर्जी के शब्दों में यह महज शुरुआत है। लेकिन शुरुआती संकेत अच्छे नहीं हैं। विपक्ष को अगर राष्ट्रपति चुनाव के जरिए कोई अच्छा संदेश देना है तो उसे अपने खेमे के अंदर की अनिश्चितता को दूर करते हुए सबको साथ लेकर चलने की क्षमता प्रदर्शित करनी होगी।

# जानलेवा प्रदूषण



किरीट ए. चावड़ा

देशवासियों को स्वस्थ और लंबा जीवन देने की तमाम कोशिशों पर एक तरह से पानी फेरने का काम करती है हवा की खराब क्वॉलिटी। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टिट्यूट ने हाल ही में जो एयर क्वॉलिटी लाइफ इंडेक्स रिपोर्ट जारी की है, वह बताती है कि सिर्फ खराब हवा के कारण देशवासियों की आयु पांच साल कम हो जाती है। अगर राजधानी दिल्ली और एनसीआर की बात करें तो यहां तो वायु प्रदूषण लोगों की जिंदगी के दस साल छीन रहा है। हालांकि देखा जाए तो यह कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों की चर्चा हम लंबे समय से सुनते आ रहे हैं। प्रदूषण संबंधी हर राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट इस तथ्य को रेखांकित करती है कि दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर हद दर्जे तक बढ़ा हुआ है और यह कि देश के तमाम छोटे-बड़े शहरों में हवा विषैली होती जा रही है। इस रिपोर्ट में भी भारत को दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित देश बताया गया है तो दिल्ली को पहला सबसे प्रदूषित शहर। यह भी बताया गया है कि स्मोकिंग से जितना नुकसान नहीं होता है, उतना हवा की खराब क्वॉलिटी की वजह से हो रहा है। देश में हर साल लाखों लोग वायु प्रदूषण से संबंधित कारणों से मौत का




शिकार होते हैं। और जो हाल है हवा के प्रदूषण का, उसे देखते हुए उत्तर भारत में रहने वाले करीब 51 करोड़ लोग यानी देश की आबादी का करीब 40 फीसदी हिस्सा अपने जीवन के 7.6 साल इसकी भेंट चढ़ाने को मजबूर होंगे। वैसे रिपोर्ट की अच्छी बात यह है कि इसमें सिर्फ स्थिति की भयावहता के बारे में ही नहीं बताया गया है, इसे सुधारने के प्रयासों को भी संज्ञान में लिया गया है। इसमें सरकार के नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) का खास तौर पर जिक्र किया गया है, जिसका मकसद साल 2024 तक हवा में पर्टिक्युलेट मैटर के स्तर को 2017 के स्तर के मुकाबले 20 से 30 फीसदी नीचे लाना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इसे 25 फीसदी नीचे लाने में कामयाबी मिल गई तो जीवन प्रत्याशा में राष्ट्रीय स्तर पर 1.4 साल और दिल्ली में 2.6 साल तक इजाफा हो जाएगा। लेकिन यह तो इरादों की बात है। हकीकत अलग है। इसी साल जनवरी में आई एक रिपोर्ट यह बताती है कि एनसीएपी के बावजूद पिछले तीन वर्षों में दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर कम करने में कोई खास कामयाबी नहीं मिली है। पिछले दो दशकों में हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के पीछे आर्थिक विकास, औद्योगीकरण और ईंधन की खपत में बेहिसाब बढ़ोतरी जैसे कारक हैं। जाहिर है, इन पर काबू पाना आसान नहीं है, लेकिन वायु प्रदूषण की समस्या को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। कोई ऐसी राह निकालनी ही होगी, जिससे न्यूनतम संभव नुकसान के साथ हवा को साफ कर लिया जाए।

# क्या अंतरिक्ष में भी लागू हो पर्यावरण कानून



गणेश पाण्डेय

खगोल वैज्ञानिकों का कहना है कि धरती के पर्यावरण की रक्षा के लिए बनाए जाने वाले नियम-कानून अंतरिक्ष पर भी लागू होने चाहिए। अंतरिक्ष के कचरे से पृथ्वी की निम्न कक्षा पर खतरा बढ़ रहा है। वहां मौजूद ऑब्जेक्ट प्रकाश प्रदूषण उत्पन्न करते हैं, जिसकी वजह से पृथ्वी से अंतरिक्ष का प्रेक्षण करने वाले खगोल वैज्ञानिकों को कठिनाई होती है।

एडिनबरा यूनिवर्सिटी की एक स्टडी में कहा गया है कि पृथ्वी की सतह से करीब 480 किलोमीटर ऊपर परिक्रमा कर रहे सैटलाइटों की भीड़ से अंतरिक्ष की कीमती पर्यावरणीय प्रणाली को खतरा पैदा हो रहा है। पृथ्वी पर ब्रॉडबैंड सेवाएं देने के लिए तैनात किए इन सैकड़ों सैटलाइटों की वजह से पृथ्वी की निम्न कक्षा बहुत तंग होती जा रही है। इसके अलावा बार-बार छोड़े जाने वाले रॉकेट भी वायुमंडल को प्रदूषित कर रहे हैं। यह स्टडी अमेरिका की अपीलीय अदालत में चल रहे एक महत्वपूर्ण मामले से जुड़ी है, जिसका फैसला अंतरिक्ष के पर्यावरण की रक्षा के लिए एक नए आंदोलन की शुरुआत कर सकता है।

अमेरिकी अदालत स्पेस लॉन्चिंग की लाइसेंसिंग को पर्यावरण संबंधी अमेरिकी कानून के साथ जोड़ने के मुद्दे पर विचार कर रही है। इस अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि इन मुद्दों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिसमें पृथ्वी की निम्न कक्षा को पृथ्वी के पर्यावरण का हिस्सा समझा जाए और उसे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरणीय संरक्षण के योग्य समझा जाए। स्कॉटिश अध्ययन दल का मानना है कि दुनिया भर के नीति-निर्धारकों को अंतरिक्ष के लिए एक साझा, नैतिक और टिकाऊ दृष्टिकोण अपनाने के लिए मिलकर काम करना होगा।



स्टडी में कहा गया है कि अंतरिक्ष में मौजूद कचरे से न सिर्फ पृथ्वी को खतरा है बल्कि उन सैटलाइटों को भी खतरा है जो इस समय सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। बड़ी ही तेज स्पीड से घूमने वाले टूटे हुए सैटलाइटों के हिस्से सामान्य सैटलाइटों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा सैटलाइटों से निकलने वाली चमक प्रकाश प्रदूषण पैदा करती है, जिससे स्पेस रिसर्च के कामों में रुकावट आती है। उदाहरण के तौर पर इसका सबसे खराब असर चिली स्थित वेरा रुबिन ऑब्जर्वेटरी पर पड़ेगा जो अंतरिक्ष और समय का दस वर्षीय सर्वेक्षण करना चाहती है।

अध्ययन में शामिल वैज्ञानिकों का कहना है कि अंतरिक्ष को नुकसान पहुंचाने वाले पर्यावरणीय प्रभावों के मद्देनजर आर्थिक और सांस्कृतिक लाभों पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाना चाहिए। शोधकर्ताओं ने कहा कि नीति-निर्धारकों को ब्रॉडबैंड सर्विस के लिए स्थापित की जाने वाली सैटलाइट चेन के सारे पर्यावरणीय पहलुओं पर विचार करना चाहिए, जिनमें सैटलाइट छोड़ना, उनका संचालन करना और उन्हें कक्षा से हटाना भी शामिल है।

ध्यान रहे कि ईलॉन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी अंतरिक्ष में 13000 सैटलाइट लगाने वाली है।

एमेजॉन भी 2025 तक हजारों सैटलाइटों की तैनाती की योजना बना रही है। दूसरे देश भी ऐसी योजनाएं बना रहे हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि अंतरिक्ष में भिड़ंत के करीबी मामलों में आधे से ज्यादा का संबंध स्पेसएक्स के स्टारलिंक सैटलाइटों से है। स्पेसएक्स जैसे सैटलाइट ऑपरेटरों को अंतरिक्ष में किसी दूसरे सैटलाइट या मलबे के टुकड़े से भिड़ंत से बचने के लिए लगातार उपाय करने पड़ते हैं। साउथ हैंपटन यूनिवर्सिटी की एक स्टडी में कहा गया है कि पृथ्वी की कक्षा में सैकड़ों स्टारलिंक सैटलाइटों की मौजूदगी से खतरनाक भिड़ंतों के आसार बढ़ते जाएंगे।

शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि हर हफ्ते स्टारलिंक सैटलाइटों की दूसरे सैटलाइटों के साथ करीबी भिड़ंत के औसतन 1600 मामले होते हैं। कुछ मामलों में तो दो ऑब्जेक्ट एक दूसरे के ढाई किलोमीटर नजदीक तक आ गए थे। अगर अंतरिक्ष में दो सैटलाइट टकराते हैं तो उससे मलबे का बादल पैदा होगा, जो उसी इलाके में काम कर रहे दूसरे सैटलाइटों के लिए खतरा बन सकता है। इस स्टडी के प्रमुख लेखक एंडी लारेंस ने कहा कि स्पेस साइंस में निरंतर प्रगति के बाद सैटलाइट लॉन्च करने की लागत कम हो रही है। लागत कम होने से सैटलाइटों की संख्या भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हम कम खर्च पर अनेक सैटलाइट छोड़ सकते हैं और पृथ्वीवासियों के लाभ के लिए उनका उपयोग कर सकते हैं। लेकिन इसकी हमें भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# सेना में फ्रंटलाइन पर कब लीड करेंगी लड़कियां



इस साल जून में पहली बार एनडीए यानी नैशनल डिफेंस अकैडमी में लड़कियों की एंट्री होगी। पहले बैच में 19 लड़कियां शामिल होंगी। अब तक एनडीए में सिर्फ लड़के ही ट्रेनिंग लेते रहे हैं। क्या एनडीए में लड़कियों की एंट्री से सेना में लड़ाकू भूमिका में भी लड़कियों की एंट्री का रास्ता खुलेगा? सेना में महिला अधिकारी कॉम्बेट रोल (लड़ाकू भूमिका) में क्यों नहीं हैं, यह सवाल कई सालों से उठता रहा है। एक बार मैंने एक इंटरव्यू के दौरान जब तत्कालीन आर्मी चीफ जनरल रावत से यही सवाल पूछा था, तब उन्होंने कहा था, 'कॉम्बेट रोल में महिलाएं हैं, लेकिन फ्रंट लाइन कॉम्बेट रोल में नहीं हैं। इंजीनियर्स में महिलाएं हैं, सिंगल्स में हैं, ये कॉम्बेट रोल ही हैं।' तो फिर सवाल यह है कि फ्रंट लाइन पर महिला अधिकारी कब लीड करेंगी? जब भी इस विषय पर किसी फौजी से अनौपचारिक चर्चा होती है तो लगभग सब एक ही बात कहते हैं कि युद्ध में दूसरा मौका नहीं मिलता और दुश्मन जेंडर देखकर ज्यादा या कम अटैक नहीं करेगा। तो इसका मतलब यह हुआ कि महिलाओं को फ्रंट लाइन पर लीड करने के लिए खुद को साबित करना होगा कि वह किसी भी मानक में पुरुष अधिकारियों से कम नहीं हैं। अभी अगर हम ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकैडमी में शारीरिक क्षमता का पैमाना देखें तो यह पुरुष कैडेट और महिला कैडेट के लिए अलग रखा गया है। अति उत्कृष्ट (एक्सिलेंट) की कैटिगरी में आने के लिए पुरुष कैडेट को 2.4 किलोमीटर की दौड़ 9 मिनट में पूरी करनी होती है, वहीं महिला कैडेट के लिए यह टाइम 11 मिनट



का है। 100 मीटर की स्प्रिंट (तेज दौड़) पुरुष कैडेट को 13 सेकंड में और महिला कैडेट को 16 सेकंड में पूरी करनी होती है। 60 मीटर की स्प्रिंट पुरुष कैडेट को 10 सेकंड में और महिला कैडेट को 15 सेकंड में पूरी करनी होती है। बीपीईटी (बैटल फिजिकल एफिशंसी टेस्ट) में करीब 4.5 किलो वजन के साथ 5 किलोमीटर की दौड़ पुरुष कैडेट को 24.30 मिनट में और महिला कैडेट को 30 मिनट में पूरी करनी होती है। पुरुष कैडेट को 10 चिनअप्स करने होते हैं। महिला कैडेट को इसकी जगह पर 20 पुशअप्स करने होते हैं। 20 किलोमीटर का स्पीड मार्च पूरा करने के लिए पुरुष कैडेट को तीन घंटे 15 मिनट का वक्त दिया जाता है और महिला कैडेट को अतिरिक्त 42 मिनट मिलते हैं। इसी तरह 30 किलोमीटर का स्पीड मार्च पुरुष कैडेट को 5 घंटे 5 मिनट में पूरा करना होता है और महिला कैडेट को यह पूरा करने के लिए 55 मिनट अतिरिक्त दिए जाते हैं।

क्या इसका मतलब है कि महिलाएं शारीरिक क्षमता में पुरुषों से कम हैं? क्या 2.4 किलोमीटर की दौड़ वह 9 मिनट में पूरी नहीं कर सकती हैं, या फिर 10 चिनअप्स या दूसरे पैमाने पर वह खरी नहीं उतर सकतीं? महिला एथलीट्स को ही देख लें तो इसका जवाब मिल जाएगा। माना कि हर महिला शारीरिक क्षमता में उत्कृष्ट नहीं हो सकती लेकिन हर कोई कॉम्बेट रोल में जाना भी तो नहीं चाहेगी। जो भी वह चुनौती लेने को तैयार है, उसे मौका क्यों ना दिया जाए। 100 में से अगर एक महिला अधिकारी भी खुद को साबित कर फ्रंट लाइन पर लीड करना चाहती है तो उससे यह मौका क्यों छीनना? हां यह जरूर है कि उसे हर पैमाने पर खुद को पुरुषों के बराबर साबित करना होगा और कौन कहता है कि वह साबित नहीं कर सकती। उसे मौका तो दीजिए।

पहले महिला अधिकारियों को सेना में सिर्फ मेडिकल कोर, लीगल और एजुकेशन कोर में ही परमानेंट कमिशन दिया जाता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सेना में महिलाएं अब इंजीनियर्स, सिगनल्स, सर्विस कोर, ऑर्डिनेंस कोर, ईएमई, इंट कोर, एयर डिफेंस और एयर एविएशन में भी परमानेंट कमिशन की हकदार हैं। क्राइटीरिया पूरा करने वाली महिला अधिकारी इन 8 ब्रांच में परमानेंट कमिशन पा सकती हैं। भारतीय सेना ने महिला अधिकारियों के लिए जो पोस्टिंग पॉलिसी बनाई है, उसमें कहा गया है कि इन सभी 8 ब्रांच में महिला अधिकारियों के लिए पोस्टिंग के नियम पुरुष अधिकारियों की तरह ही होंगे। इसलिए ये सभी महिला अधिकारी अब फील्ड, लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल, लाइन ऑफ कंट्रोल, हाई एल्टीट्यूट एरिया में पोस्टिंग के लिए योग्य होंगी।

# शिवसेना में जाएंगी पंकजा मुंडे? ट्वीटर पर बदली प्रोफाइल फोटो, एमएलसी का टिकट कटने से थीं नाराज



मुंबईः विधानपरिषद चुनाव में टिकट न मिलने से एक तरफ जहां पंकजा मुंडे के समर्थक नाराज थे। वहीं दूसरी तरफ इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी थी। हालांकि सोशल मीडिया पर उनकी एक पोस्ट के बाद कमेंट्स की बाढ़ आई हुई है। दरअसल पंकजा ने ट्वीटर पर अपना प्रोफाइल फोटो बदल दिया है। बीजेपी (BJP) द्वारा बार- बार नजरअंदाज की जाने वाली पंकजा मुंडे को अब कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। इस तरह की मांग भी उनके समर्थक काफी दिनों से कर रहे हैं। अपने नेता की नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर तस्वीर को देखकर कार्यकर्ताओं में भी काफी जोश है। लोकनेता, ताई साहेब, रणरागिनी जैसी कई प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। इन्हीं में एक कमेंट है कि अब यह चेहरा शिवसेना में दिखाई देगा।

पंकजा मुंडे की तस्वीर के मायने क्या? बीजेपी नेता पंकजा मुंडे ने आज वो तस्वीर ट्वीटर पर शेयर की है। उससे कुछ राजनीतिक संकेत भी मिल रहे हैं। नाराज होने के बावजूद पंकजा मुंडे भरपूर आत्मविश्वास के साथ दोबारा मैदान में युद्ध के लिए तैयार हैं। या फिर वो किसी अन्य मुहिम के लिए तैयार हैं। पंकजा के ट्वीट के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

पंकजा मुंडे खामोश क्यों?

विधानपरिषद चुनाव में पंकजा मुंडे को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया था। जिसके बाद से वो खामोश हैं। हालांकि उनके समर्थकों ने उनकी उपेक्षा के बाद मराठवाड़ा में जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। पंकजा को उम्मीद थी कि उन्हें टिकट दिया जाएगा। लेकिन जब लिस्ट जारी हुई तो उन्हें सिवाय मायूसी के सिवा और कुछ भी हाथ नहीं लगा। जिसके बाद से पंकजा की एक भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। हालांकि उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जरूर विरोध प्रदर्शन किया था।

इस दौरान पार्टी के नेता चंद्रकांत पाटिल, देवेंद्र फडणवीस सबने बातचीत की लेकिन पंकजा ने अपना मौन नहीं तोड़ा। महाराष्ट्र की सियासत में पंकजा के इस मौन को उनकी नाराजगी समझा रहा है।

# कोविड को हराकर मानसिक परेशानियों से जूझ रहे कई मरीज, परिवार से दूर रहना बना डिप्रैशन की वजह



मुंबई : मुंबई में 8 फीसदी कोविड रोगी मानसिक रूप से परेशान पाए गए हैं। कोविड समर्पित सेवन हिल्स अस्पताल की एक स्टडी में कोविड संक्रमितों में डिप्रैशन, एंजाइटी, फोबिया और एडजस्टमेंट के मुद्दे देखने में आए हैं। कोविड उन लोगों के लिए अब भी डरावना बना हुआ है, जिन्होंने कोविड के शुरुआती काल में अपनों को खो दिया था। कोविड रोगियों में मनोरोग की व्यापकता जानने के लिए बीएमसी के सेवन हिल्स अस्पताल में एक स्टडी की गई। मई से दिसंबर 2020 तक यहां भर्ती किए गए 17,676 कोविड रोगियों में से 1,452 (8.2%) मानसिक रोग से ग्रस्त पाए गए थे। इनमें 959 (66.1 प्रतिशत) पुरुष थे और 493 (33.9 प्रतिशत) महिलाएं थीं। अस्पताल की डिप्टी डीन डॉ. स्मिता चव्हाण ने बताया कि सबसे ज्यादा मरीजों में डिप्रैशन की शिकायतें पाई गईं। इसकी प्रमुख वजह कोविड काल में उनका परिवार से दूर रहना रही।

**वित्तीय संकट बना डिप्रैशन का कारण**

इसके अलावा, महामारी के कारण वित्तीय संकट और कारोबार तबाह होने जैसे कारणों की वजह से भी कई कोविड मरीजों को डिप्रैशन हुआ। मनोचिकित्सक डॉ अविनाश डिसूजा ने बताया, 'मैं ऐसे मरीजों को देख रहा हूं, जो कोविड से ठीक हो गए हैं, लेकिन अब भी कोविड के कारण मानसिक परेशानियों से उबर रहे हैं।' मुंबई में गुरुवार को 22 जनवरी के बाद एक दिन में सबसे ज्यादा 2,366 नए केस आए।

धीरे-धीरे पैर पसार रहा कोरोना महाराष्ट्र में 12 फरवरी के बाद सबसे ज्यादा 4,255 केस दर्ज हुए। राज्य में कोरोना से 3 मौतें हुईं, जिनमें से 2 मुंबई में थीं। देश में 12,213 नए मामले आए। कोरोना से 11 लोगों की मौत हुई। देश में 26 फरवरी के बाद यह आंकड़ा 10,000 के पार हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय ने बताया कि 12-14 उम्र के 75 फीसदी से ज्यादा युवाओं को वैक्सीन की पहली खुराक मिल चुकी है।

### 10वीं बोर्ड का रिजल्ट घोषित: इस बार भी बेटियों का डंका, पासिंग परसेंटेज 96.94

मुंबई। महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी एजुकेशन (MSBSHSE) ने आज महाराष्ट्र बोर्ड के 16 लाख से अधिक छात्रों के रिजल्ट (Maharashtra Board 10th Result 2022) की घोषणा भी कर दी है। इसमें इस बार भी बेटियों का डंका बजा है। लड़कों के मुकाबले लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। बता दें कि रिजल्ट की तारीख और समय की जानकारी एजुकेशन मिनिस्टर वर्षा गायकवाड़ ने ट्वीट के माध्यम से दी थी। जो भी छात्र 10वीं की परीक्षा में शामिल थे वे बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट mahresult.nic.in पर जाकर रोल नंबर और माता का नाम जैसे विवरण दर्ज कर अपना परिणाम देख सकते हैं। इस बार 10वीं परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है और कुल पासिंग परसेंटेज 96.94 रहा है।

### फडणवीस ने कहा - उपमुख्यमंत्री के खिलाफ षड्यंत्र, जानबूझकर बवाल खड़ा किया

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुणे के कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अजित पवार को बोलने का मौका न देने पर राकांपा सांसद सुप्रिया सुले की ओर से कड़ी नाराजगी जताए जाने को लेकर विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा दावा किया है। गुरुवार को फडणवीस ने कहा कि राकांपा में कुछ लोगों ने जानबूझकर बवाल खड़ा किया है। मुझे लगता है कि यह उपमुख्यमंत्री के खिलाफ एक षड्यंत्र है। हालांकि फडणवीस ने साजिश रचने वाले राकांपा के किसी नेता का नाम नहीं लिया। पर उनका इशारा राकांपा सांसद सुप्रिया की ओर था। फडणवीस ने कहा कि मैंने केवल कयास लगाया है। इसमें कितनी सच्चाई है यह पता लगाने का काम मीडिया का है। फडणवीस ने कहा कि पुणे के कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री और उपमुख्यमंत्री एक-दूसरे से अच्छे से खुलकर बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने उपमुख्यमंत्री का हालचाल जाना। कार्यक्रम के दौरान जब प्रधानमंत्री को ध्यान में आया कि भाषण के लिए उपमुख्यमंत्री को नहीं बुलाया गया तो उन्होंने खुद कहा कि अरे, अजितजी नहीं बोलेंगे क्या?

# म्हाडा के घरों के लिए नहीं करना होगा इंतजार, नए इनकम स्लैब के साथ निकलेगी लॉटरी



मुंबईःमहाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) की लॉटरी में नाम आने के बाद भी विजेताओं को वर्षों अपने घर का इंतजार करना पड़ता है। मुंबई में म्हाडा की आगामी लॉटरी के विजेताओं को घरों का पजेशन हासिल करने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। फरवरी 2023 तक म्हाडा द्वारा मुंबई में 2683 घरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। लोगों का घरों का सपना पूरा करने के लिए म्हाडा द्वारा गोरेगांव में 5 हजार घरों का निर्माण किया जा रहा है। म्हाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, गोरेगांव में 2683 घरों का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। फरवरी 2023 तक लोगों को पजेशन देने के लिए यह घर तैयार हो जाएंगे।

गृहनिर्माण मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने दिवाली तक मुंबई में म्हाडा के 3 हजार घरों की लॉटरी जारी करने की घोषणा की है। ऐसे में लोगों को घर का पजेशन कब मिलेगा, इसकी चिंता सताने लगी थी। लेकिन म्हाडा के लॉटरी विजेताओं को घरों की चाभी हासिल करने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।


म्हाडा द्वारा पहाड़ी गोरेगांव में हर वर्ग के नागरिकों के लिए घर तैयार किए जा रहे हैं। म्हाडा द्वारा गोरेगांव में 322 वर्ग फीट, 482 वर्ग फीट, 785 वर्ग फीट और 978 वर्ग फीट के घर तैयार हो रहे हैं। लोगों का अपने आशियाने का ख्याब पूरा करने के लिए म्हाडा गोरेगांव में 18 एकड़ परिसर में 5 हजार घरों का निर्माण कर रही है। 5 हजार घरों में से करीब 3 हजार घर अगले साल के आरंभ तक बन कर तैयार हो जाएंगे।

इनकम स्लैब बढ़ा

म्हाडा के घरों के आवेदन के लिए अब इनकम स्लैब की सीमा बढ़ा दी गई है। साथ ही, घरों का आकार भी तय कर दिया गया है। निम्नतम आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए अब 6 लाख आय वाले आवेदन कर सकेंगे, जो कि पहले 3 लाख रुपये थी। यह घर अब 322 वर्ग फीट के होंगे।

# नूपुर शर्मा के खिलाफ रैली निकालेंगे मुसलमान, जुमे की नमाज में अपील करेंगे इमाम- हिंसक प्रदर्शन न करें!

**अन्य राज्यों की तरह मुंबई सहित महाराष्ट्र में रैली हिंसक रूप न ले, इसलिए मुंबई सहित महाराष्ट्र की तमाम मस्जिदों से जुमे की नमाज में मुसलमानों से सड़क पर उतरकर प्रदर्शन न करने की अपील मस्जिद के इमाम करेंगे**



मुंबई : पैगंबर मोहम्मद के अपमान मामले में नूपुर शर्मा के खिलाफ शुक्रवार को वंचित बहुजन आघाडी ने रैली का आयोजन किया है। इस रैली से पहले ही मुंबई के इमामों ने मुसलमानों से सड़क पर उतरकर प्रदर्शन न करने की अपील की है। यह अपील जुमे की नमाज में मस्जिदों से सामूहिक रूप से की जाएगी। बता दें कि बीते सप्ताह देश के कुछ राज्यों में नूपुर शर्मा के खिलाफ मुसलमानों की विरोध प्रदर्शन रैली ने हिंसक रूप ले लिया था। इसके चलते कई मुस्लिम नौजवानों को जेल जाना पड़ा है। नूपुर शर्मा के खिलाफ और पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर शुक्रवार को वंचित बहुजन आघाडी ने जुमे की नमाज के बाद एक विरोध प्रदर्शन रैली का आयोजन किया है। यह रैली मदनपुरा के झूला मैदान से लेकर आजाद मैदान तक होनेवाली है। इस रैली में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपास्थित होने वाले हैं। इसी बीच कल सुन्नी बिलाल मस्जिद में हुई एक बैठक में ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमाओं ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

मुसलमानों से सड़कों पर प्रदर्शन न करने की अपील

अन्य राज्यों की तरह मुंबई सहित महाराष्ट्र में रैली हिंसक रूप न ले, इसलिए मुंबई सहित महाराष्ट्र की तमाम मस्जिदों से जुमे की नमाज में मुसलमानों से सड़क पर उतरकर प्रदर्शन न करने की अपील मस्जिद के इमाम करेंगे। रजा अकादमी के संस्थापक महासचिव सईद नूरी ने बताया कि मुसलमान शांति पूर्वक रैली निकालते हैं, लेकिन कुछ दंगाई किस्म के लोग इस रैली में शामिल होकर इसे हिंसक रूप दे देते हैं, जिसका खामियाजा आम मुसलमानों को भुगतना पड़ रहा है।

'नूपुर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ें'

उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी है और मुंबई पुलिस ने नूपुर के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। पुलिस ने हमें आश्वस्त किया है कि वह नूपुर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। यूपी, रांची के जैसी स्थिति मुंबई में न हो, इसके लिए तहफ्फुज नामुस रिसालत बोर्ड की अध्यक्षता में हुई बैठक में फैसला लिया गया कि सभी उलेमा जुमे की नमाज में मस्जिदों से मुसलमानों से सड़क पर न उतरकर प्रदर्शन न करने की अपील करेंगे। इस अपील में मुसलमानों से कहा जाएगा कि वे सड़क पर उतरने के बजाय नूपुर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ें।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामला: नवाब मलिक को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक विकास मंत्री नवाब मलिक और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने बाबत संबंधित राज्यों की सरकारों को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। यह याचिका भाजपा के नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि जिस तरह से आईएएस, आईपीएस, जज और दूसरे सरकारी कर्मचारियों को पद से हटा दिया जाता है, वैसे ही मंत्री को दो दिनों की न्यायिक हिरासत में रहने के बाद पद से हटा देना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट ने दोनों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है, लेकिन दोनों मंत्री आज तक संवैधानिक पद पर जमे हुए है, जो कि मनमाना और संविधान के अनुच्छेद 14 के विपरीत है।

### महावितरण के उप कार्यकारी अधिकारी की कार्यशैली के निषेधार्थ काम बंद आंदोलन शुरु

मानोरा. महावितरण के उप विभागीय कार्यकारी अभियंता आर.एम. दहिकर के मनमाने कामकाज तथा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों पर की जानेवाले अन्यायकारक कार्रवाई को लेकर गुरुवार 16 जून से स्थानीय उप विभागीय कार्यालय के समक्ष सभी अधिकारी-कर्मचारियों की ओर से कामबंद आंदोलन शुरु किया गया ।मानोरा उप विभाग महावितरण के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त प्रारुप समिति की ओर से गत 9 जून को वाशिम महावितरण के अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया गया था

# मुंबई पुलिस को गुमराह कर रहा लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य? सलमान धमकी केस में सच सामने आना बाकी



मुंबईः सलमान-सलीम खान के घर मिले धमकी भरे पत्र में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम आ रहा है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पुणे में गिरफ्तार कुछ साथियों ने दावा भी ऐसा किया है। पर मुंबई क्राइम ब्रांच इन दावों के बाद जब इन्हें वेरिफाई कर रही है, तो कहानी कुछ अलग ही सामने आ रही है। कुछ दिनों पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े पहले आरोपी सिद्धेश कांबले उर्फ महाकाल को जब पुणे ग्रामीण पुलिस ने अरेस्ट किया, तो उसने तीन लोगों के नाम बताए, जो राजस्थान से मुंबई आए थे।

पुलिस को गुमराह कर रहा कांबले?

सलमान खान के घर के बाहर की बेंच पर पांच जून को लेटर रखा मिला था। जिन तीन के नाम कांबले ने बताए, विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि मुंबई क्राइम ब्रांच की पड़ताल में पता चला कि वह उस दिन किसी और केस में जेल में बंद थे। कांबले ने यह भी बताया कि इन तीन लोगों में दो पालघर की फैक्ट्री में काम करते थे, लेकिन मुंबई क्राइम ब्रांच ने जब उस फैक्ट्री में जाकर पड़ताल की, तो पता चला कि उस नाम के व्यक्तियों ने कभी उस फैक्ट्री में काम ही नहीं किया।

**पत्र भेजकर उगाही करने का था मकसद**

क्राइम ब्रांच सूत्रों का कहना है कि उनकी जांच में कुछ संदिग्धों के नाम आए हैं।

वे उनकी जांच कर रहे हैं। सोमवार को महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलीप वालसे पाटील ने कहा था कि महाराष्ट्र पुलिस की जांच में सलमान केस में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का ही नाम आया है। सलमान के घर पत्र छोड़ने के पीछे का मकसद डर पैदा करना और फिर इस बहाने लोगों से उगाही करना था। सूत्रों के अनुसार, अंडरवर्ल्ड के अलग-अलग गिरोहों की तर्ज पर बॉलिवुड हस्तियों से भी उगाही की जाने वाली थी।

# शिवसेना ने बदला होटल, नरिमन पाइंट से जाएगी पवई, विधायकों को फिर मिलेगी फाइव स्टार होटलों की सेवा



मुंबईः विधान परिषद के चुनाव में विधानसभा के विधायकों को एक बार फिर फाइव स्टार होटलों की 'एसी' सेवा मिलेगी। सभी राजनीति दल अपनी-अपनी पार्टी के विधायकों को टूटने से बचाने के लिए होटलों में बुलाने लगे हैं। शिवसेना के होटल बदलने की भी खबर है। नरिमन पॉइंट से पवई झील के किनारे एक फाइव स्टार में ले जाएगी, जहां 20 जून को मतदान के दिन लेकर आएंगी। वहीं बीजेपी कफ परेड के उसी होटल में अपने विधायकों को सेवा देगी। राज्यसभा के चुनाव में महाविकास अघाड़ी को बीजेपी ने जो जोर का झटका दिया है। उससे सरकार उबर नहीं पाई है। सरकार के लिए विधान परिषद की 10 सीटों पर जीत हासिल करना उनके लिए नाक की बात बन गई है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में एकजुटता दिखाने की बात सामने आई है। बैठक में कांग्रेस नेताओं का कहना था कि कांग्रेस की दूसरी सीट पर जीत दिलाने का काम महाविकास अघाड़ी सरकार की है, न कि सिर्फ उनकी जिम्मेदारी है। दरअसल, राज्यसभा के चुनाव में मिली हार से महाविकास अघाड़ी के घटक दल के नेता एक दूसरे से नाराज है। एनसीपी ने भी संकेत दिया है कि जिन्हें अतिरिक्त वोट की जरूरत है वह अपना प्रबंध करें। इससे कांग्रेस नेता नाराज है। विधायकों को 18 जून तक मुंबई पहुंचने का आदेश विधान परिषद के चुनाव में हार से बचने के लिए महाविकास अघाड़ी सरकार के घटक दल अपने-अपने विधायकों को फिर से होटलों में बुलाया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गठबंधन दल के सभी दल (शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस) ने विधायकों को 18 जून से पहले मुंबई पहुंचने को कहा है।

राज्यसभा चुनाव में मिले झटके पर उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि बीजेपी के तीसरे उम्मीदवार धनंजय महाडिक दूसरी वरीयता के वोट मिलने के चलते जीते। उन्होंने कहा कि पहले दौर में शिवसेना उम्मीदवार को 33 वोट मिले थे जबकि बीजेपी प्रत्याशी को 27 वोट मिले थे, लेकिन दूसरे दौर में महाडिक आगे निकल गए। उन्होंने आगे कहा कि अब विधान परिषद चुनावों में हम सभी एहतियात बरत रहे हैं। सभी विधायकों को 18 जून तक मुंबई पहुचने के लिए कहा है।होटल बदलने से बीजेपी ने कसा व्यंग विधायकों के रहने के लिए होटल और एरिया बदलने पर बीजेपी ने शिवसेना पर व्यंग मारा। गुरुवार को बीजेपी नेता आशीष शेलार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि, होटल बदलने से जीत नहीं मिल जाएगी।

# अपनी एक्स गर्लफ्रेंड का खींचा था हाथ...अब सलाखों के पीछे गुजारना होगा एक साल

मुंबईः मुंबई की एक अदालत नेपूर्व प्रेमिका का हाथ खींचने वाले प्रेमी को एक साल की जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह देखते एक महिला का हाथ पकड़ने और उसे करीब खींचने का काम शील भंग करने के समान है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट क्रांति एम पिंगले ने कहा कि पिछले प्रेम प्रसंग के बचाव में वह इस तरह का व्यवहार करने का हकदार नहीं है। यहां यह ध्यान रखना उचित है कि कथित अपराध एक महिला के खिलाफ है और कोई भी सार्वजनिक स्थान पर ऐसा कार्य या अपराध करने की हिम्मत नहीं करता है। इसलिए एक चश्मदीद की अनुपलब्धता अभियोजन मामले के लिए घातक नहीं होगी। कोर्ट ने प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के तहत आरोपी को अच्छे व्यवहार के मुचलके पर रिहा करने से इनकार कर दिया। मजिस्ट्रेट ने उच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि इस तरह के अपराध के लिए दोषी ठहराए गए आरोपी को महिला के शील भंग के कृत्य को ध्यान में रखते हुए परिवीक्षा पर रिहा नहीं किया जा सकता है। तब हाईकोर्ट ने कहा था कि यह न केवल अपराध के आगे बढ़ने को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन अपराधों की तैयारी को रोकना या गिरफ्तार करना और कई निर्दोष महिलाओं की विनम्रता को खतरे में डालना भी मुश्किल हो जाएगा। इन परिस्थितियों में अदालत को कमजोर वर्ग, अर्थात महिलाओं पर किए गए अपराधों के लिए लाभकारी प्रावधान का विस्तार करने में चौकस रहना होगा। मजिस्ट्रेट ने कहा कि इसलिए आरोपी को परिवीक्षा का लाभ नहीं दिया जा सकता है।आरोपी जो महिला का पड़ोसी था, ने इस आधार पर नरमी बरतने की मांग की थी कि उसने तब से दूसरी महिला से शादी कर ली है और अब उसका दो साल का बच्चा है।

कोर्ट ने कहा कि सजा में नरमी दिखाई जा सकती है।'


**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा. बां.) विभाग,**
**प्रशासकीय इमारत, १ ला मजला, भवन्स कॉलेज जवळ, दादाभाई रोड, अंधेरी (प.), मुंबई- ४०००५८.**
E-mail-northmumbai.ee@mahapwd.com **दुरध्वनी क्रमांक .०२२-२६२३१९६४ फॅक्स - २६२०५७८८**

**निविदा सुचना क्र.३३ सन २०२२-२०२३**

महाराष्ट्र राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, दादाभाई मार्ग, भवन्स कॉलेज जवळ अंधेरी (प) मुंबई-४०००५८ (दुरध्वनी/फॅक्स क्रमांक- २६२३१९६४/२६२०५७८८) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिका बांधकाम खात्याकडुन योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडुन खालील कामाकरीता ब-१ नमुन्यातील निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्र दिनांक- **२०/०६/२०२२** ते दिनांक- **०५/०७/२०२२** कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयात उपलब्ध असतील. तसेच दिनांक-**६/०७/२०२२** दुपारी १५.०० वाजेपर्यत निविदा स्विकारण्यात येतील व शक्य झाल्यास त्याच दीवशी निविदा उघडण्यात येतील निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | अंदाजित रक्कम |
|---|---|---|
| १ | विशेष दुरुस्ती अंतर्गत कुर्ला न्यायालय ईमारत येथे एशियन पेंटचे फायबर रिइन्फोर्स्ड लिक्विड अ‍ॅप्लाइड मेम्ब्रेन्सचे दोन कोट पुरवणे आणि लावणे. | ८८१४३३/- |
| २ | मुळ गौण कामाअंतर्गत तहसीलदार कार्यालय मुलुंड (प.), मुंबई येथे महिला शौचालयाजवळील भागात गिलावा रंगकाम, आणि लादयांची दुरुस्तीकरणे | ६३४६३६/- |
| ३ | मुळ गौण कामाअंतर्गत मुलुंड (प.), मुंबई येथिल एन.टी कॉलेज आवारातील शिधावाटप कार्यालय येथे गिलावा रंगकाम, आणि छताची दुरुस्तीकरणे | ७१५८१७/- |
| ४ | विशेष दुरुस्ती अंतर्गत एस.आर.पी.एफ. ग्रुप ८ युनिट २४, गोरेगांव पूर्व मुंबई येथे अंतर्गत रोडचे काम करणे. | ८८३८१८/- |
| ५ | वार्षिक देखभाल दुरुस्ती अंतर्गत नंदगिरी विश्रामगृह, विलेपार्ले, मुंबई येथे येथे खिडक्या, दरवाजे, पाईपलाईन करणे व इतर अनुषांगिक कामे करणे . | ५२१९८६/- |

निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता , उत्तर मुंबई(सा.बां) विभाग, अंधेरी (प.) मुंबई ५८.यांनी राखून ठेवला आहे.अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

जा.क्र.काअ/उमुंवि/निविदा/ ४९३४
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
उत्तर मुंबई(सा.बां) विभाग,
प्रशासकीय इमारत, १ ला मजला,
भवन्स कॉलेजजवळ, दादाभाई मार्ग,
अंधेरी (प.) मुंबई ५८.
दिनांक :- १३/०६/२०२२

सही/-
कार्यकारी अभियंता
उत्तर मुंबई(सा.बां) विभाग,
अंधेरी (प.) मुंबई ५८.

# लत पर कैसे काबू पाएं


हिरल शाह

व्यसन मस्तिष्क को कई स्तरों पर प्रभावित करता है। उत्तेजक, निकोटीन, ओपिओइड, अल्कोहल और सेडेटिव में रासायनिक यौगिक उपयोग पर मस्तिष्क और रक्तप्रवाह में प्रवेश करते हैं। एक बार जब कोई रसायन मस्तिष्क में प्रवेश कर जाता है, तो यह लोगों को अपने आवेगों पर नियंत्रण खोने या हानिकारक पदार्थ की लालसा करने का कारण बन सकता है।

जब कोई व्यसन विकसित करता है, तो मस्तिष्क पदार्थ के प्रतिफल को तरसता है। यह मस्तिष्क की इनाम प्रणाली की तीव्र उत्तेजना के कारण है। जवाब में, कई उपयोगकर्ता पदार्थ का उपयोग जारी रखते हैं;

यह कई उत्साहपूर्ण भावनाओं और अजीब व्यवहार लक्षणों को जन्म दे सकता है।

लंबे समय तक व्यसन के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे मस्तिष्क क्षति, और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है

व्यवहार परिवर्तन के एक मॉडल के अनुसार, जिसे ट्रान्सथियोरेटिकल मॉडल के रूप में जाना जाता है, किसी भी प्रकार के परिवर्तन में एक प्रक्रिया शामिल होती है जो पूर्व-चिंतन से शुरू होती है और चिंतन में आगे बढ़ती है।

प्रक्रिया के इन शुरुआती चरणों के दौरान, आप अपनी लत के प्रभावों के बारे में इनकार कर सकते हैं। जैसे-जैसे आप अपने सामने आने वाली समस्याओं के बारे में अधिक जागरूक होते जाते हैं, वैसे-वैसे आप अपनी लत पर काबू पाने की आवश्यकता के बारे में अधिक जागरूक होने के साथ-साथ महत्वाकांक्षा की भावनाओं से भी जूझ सकते हैं।

एक बार जब आप बदलने का निर्णय ले लेते हैं, तो आप कार्रवाई करने की तैयारी की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

**बदलने का फैसला**

व्यसन पर काबू पाने के लिए बदलने का निर्णय सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। यह स्वीकार करने से कि परिवर्तन की आवश्यकता है, इसका अर्थ है कि आप पहचानते हैं कि कोई समस्या है और उसे हल करने की इच्छा है।

**बदलने की तैयारी करें**

एक बार जब आप अपने लक्ष्य पर स्पष्ट हो जाते हैं, तब भी आपको बदलाव के लिए तैयार रहने की आवश्यकता हो सकती है। तैयारियों में आपके घर से नशीले पदार्थों को निकालना और साथ ही आपके जीवन में ट्रिगर्स को समाप्त करना शामिल है जिससे आपको उन पदार्थों का फिर से उपयोग करने की अधिक संभावना हो सकती है।

**सामाजिक समर्थन की तलाश करें**

शायद सामाजिक संबंधों को चिंता में डालने की सबसे कठिन तैयारी। व्यसनों के साथ रहने वाले लोगों के लिए, उनके कुछ रिश्ते व्यसनी व्यवहार के इर्द-गिर्द घूम सकते हैं। ऐसे मामलों में, उन रिश्तों के भीतर सीमाएं निर्धारित करना और स्वयं सहायता समूह में शामिल होना उन लोगों के समूह को प्रदान करने में सहायक हो सकता है जो समझते हैं कि वे क्या कर रहे हैं

**एक लत पर काबू पाने के लिए उपचार प्राप्त करें**

ऐसे कई अलग-अलग उपचार हैं जो किसी लत पर काबू पाने की प्रक्रिया के दौरान आपकी मदद कर सकते हैं, जिसमें चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण शामिल हैं।

व्यसन उपचार का कोई एक "सही" प्रकार नहीं है, हालांकि कुछ दृष्टिकोण दूसरों की तुलना में अनुसंधान द्वारा बेहतर समर्थित हैं।

# उम्र घटा रहा एयर पॉल्यूशन:गंदी हवा से भारतीयों की उम्र 5 साल घटी, सबसे प्रदूषित दिल्ली में यह आंकड़ा दोगुना




चार्ल्स पटेल

दुनियाभर में वायु प्रदूषण का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी ने अपने सालाना एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स में कहा कि भारत में दूषित हवा से लोगों की उम्र औसतन 5 साल घटती जा रही है। वहीं दुनिया में यह आंकड़ा 2.2 साल है। बांग्लादेश के बाद भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश है।

देश की पूरी आबादी खतरे में

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की पूरी 1.3 अरब आबादी गंदी हवा में सांस ले रही है। वहीं 63% लोग ऐसे हैं जो बेहद खतरनाक वायु प्रदूषण का शिकार बन रहे हैं। पूरे देश में हवा का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सुझाए स्तर से काफी खराब है।

दिल्ली के लोगों की उम्र 10 साल घटी

इंडेक्स के मुताबिक दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। वायु प्रदूषण के कारण यहां रह रहे लोगों के जीवित रहने की संभावना 10 साल घट गई है। वहीं आने वाले समय में लखनऊ की आबादी की औसत उम्र 9.5 साल घट जाएगी। इसके अलावा बिहार, चंडीगढ़, हरयाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के हालात भी बेहतर नहीं है। हवा इसी तरह खराब रही तो यहां के 51 करोड़ लोगों की उम्र में 7.6 साल की गिरावट आएगी।

भारत ने दुनिया में बढ़ाया प्रदूषण

रिपोर्ट की मानें तो साल 2013 से ही दुनिया में प्रदूषण बढ़ाने के पीछे सबसे बड़ा हाथ भारत का है। वैश्विक स्तर पर देश ने 44% प्रदूषण बढ़ाया है।

रिसर्चर्स के अनुसार प्रदूषण में 25% कमी भी भारतीयों की औसत उम्र में 1.4 साल जोड़ देगी। दुनिया में साल 1998 से वायु प्रदूषण में सालाना 61.4% इजाफा हुआ है, जिससे जीवित रहने की औसतन उम्र 2.1 साल घट गई है।

पार्टिकुलेट मैटर ने बढ़ाई चिंता

हवा में मौजूद पार्टिकुलेट मैटर (PM) इंसान के फेफड़ों के लिए जहर से कम नहीं हैं। इस रिपोर्ट में PM 2.5 की जांच की गई है। ये हवा में मौजूद ऐसे कण होते हैं, जिनका आकार 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम होता है। इनकी वजह से समय से पहले ही मौत भी हो सकती है।

WHO के मुताबिक, PM 2.5 हवा में 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए, लेकिन पूरे देश में पार्टिकुलेट मैटर की मात्रा इससे ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के बाद भारत में कुपोषण से औसत उम्र 1.8 साल और स्मोकिंग से औसत उम्र 1.5 साल कम हो जाती है।

# माइग्रेन अवेयरनेस मंथ:दुनिया में हर 7 में से 1 इंसान इसका शिकार, पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में समस्या तीन गुना ज्यादा


रंजनबेन मसोया

एक अनुमान के अनुसार लगभग 100 करोड़ से ज्यादा लोग यानी हर 7 में से एक व्यक्ति माइग्रेन से पीड़ित है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में माइग्रेन की समस्या तीन गुना ज्यादा होती है। माइग्रेन से पीड़ित हर 10 व्यक्ति में से 8 महिलाएं हैं। महिलाओं में एस्ट्रोजन हॉर्मोन में होने वाले बदलाव के कारण उन्हें माइग्रेन का दर्द ज्यादा होता है।

चिंताजनक बात यह है कि इससे पीड़ित होने पर 10 में से 9 मरीजों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। वे बिल्कुल भी काम नहीं कर पाते हैं। कई लोगों में माइग्रेन का दर्द होने के एक से दो दिन पहले कब्ज, गर्दन में दर्द, जल्दी-जल्दी मूड में बदलाव, बार-बार यूरिन, जम्हाई के अलावा आंखों के आगे अंधेरा छाना, बोलने में समस्या होना और हाथों व पैरों में सुई चुभने जैसे लक्षण दिखते हैं। इन लक्षणों को पहचान कर दर्द से बचने के उपाय किए जा सकते हैं।

क्या माइग्रेन न्यूरोलॉजिकल समस्या है?

यह ऐसी बीमारी है जो दिमाग अथवा नर्व को प्रभावित करती है। सिर में कई प्रकार से दर्द के अलावा,



उल्टी, नाक से पानी आना, रोशनी और आवाज से दिक्कत होने लगती है। माइग्रेन अक्सर क्रोनिक होता है यानी एक बार पीड़ित होने पर इसकी समस्या वर्षों तक रह सकती है।

माइग्रेन होने की वजह क्या है?

अलग-अलग व्यक्तियों के लिए माइग्रेन के कारण अलग हो सकते हैं। बावजूद इसके कई कॉमन कारण हैं इन्हें ट्रिगर कहते हैं। चमकीली रोशनी, मौसम में बदलाव, रुटीन में बदलाव, भोजन के समय में बदलाव, डिहाइड्रेशन, तीव्र गंध और हॉर्मोनल बदलाव से भी माइग्रेन होता है।

इसके कितने प्रकार हैं?

पहला: ऑरा के साथ माइग्रेन। इसमें चेहरे पर स्पाॅट या झुनझुनी होती है। यह दर्द 20 मिनट से एक घंटे तक रहता है।

दूसरा: बिना ऑरा का माइग्रेन। इसके चार फेज होते हैं। इसमें सिर के एक तरह ज्यादा दर्द होता है। नाक बहना, उल्टी और गर्दन में अकड़न जैसी समस्या होती है। इसका दर्द कई दिनों तक रह सकता है।

माइग्रेन के अलावा सिर दर्द के यह 3 प्रकार भी हैं

तनाव: इसमें दर्द धीरे-धीरे बढ़ता है। दर्द सिर के पीछे या सामने महसूस होता है। यह 30 मिनट से 7 दिन तक रह सकता है।

साइनस: आंखों के ऊपर, आसपास दर्द होता है। यह दर्द बुखार भी लाता है। नाक जाम हो जाती है। चेहरे पर दबाव महसूस होता है।

क्लस्टर: सिर बहुत तेजी से दर्द करता है। दर्द रुक-रुक कर होता है। पीड़ित को बेचैनी होती है। नशा बड़ी वजह है।

माइग्रेन से तुरंत राहत के लिए:

आंखें बंद कर ठंडे पानी से शॉवर लें।

10 मिनट तक ठंडे पानी से स्पंजिंग करें। हर 30 मिनट में दोहराएं।

बात करें, दबी भावनाओं को बाहर निकालें।


माइग्रेन को ट्रिगर करने वाली चीजों जैसे तेज रोशनी, आवाज आदि से खुद को दूर कर लें।

लंबे समय तक राहत के लिए:

रिदमिक ब्रीदिंग: 5 तक गिनते हुए सांस लें। 5 तक ही गिनते हुए सांस छोड़ें। सांस छोड़ते हुए शरीर को मिलने वाले रिलैक्स पर ध्यान दें। दर्द तेजी से कम होगा।

विजुअलाइज ब्रीदिंग: किसी शांत जगह पर आंखें बंद करके बैठ जाएं। अब सांस लेते हुए कल्पना करें कि आपकी बॉडी रिलैक्स हो रही है और तनाव दूर हो रहा है।

# नई टेक्नोलॉजी से दिल बनेगा मजबूत:वैज्ञानिकों ने बनाया खास जेल, यह हार्ट अटैक के बाद दिल की मरम्मत करेगा, करोड़ों की जान बचाएगा




हार्ट अटैक आने के बाद दिल की मरम्मत करने के लिए ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक खास तरह का बायोडिग्रेडेबल जेल तैयार किया है। इसकी मदद से मरीजों के दिल की मांसपेशियों को दोबारा मजबूत बनाया जा सकेगा, जिससे आगे जाकर हार्ट फेल होने का खतरा भी कम होगा। इस रिसर्च पर यूनिवर्सिटी ऑफ मेनचेस्टर और ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन ने मिलकर काम किया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया में हर साल 1 करोड़ 79 लाख लोग दिल की बीमारियों के चलते अपनी जान गंवाते हैं। ये विश्व की 32% मौतें हैं।

जेल कैसे काम करता है?

रिसर्चर्स ने जेल में इंसान के सेल्स मिलाकर इस तरह प्रोग्राम किए, जिससे ये हार्ट की मांसपेशियों में तब्दील हो जाएं।

यह जेल पेप्टाइड्स नाम के अमीनो एसिड्स से बनाया गया है। इन्हें प्रोटीन का बिल्डिंग ब्लॉक माना जाता है। रिसर्चर्स ने इस जेल में इंसान के सेल्स मिलाकर इस तरह प्रोग्राम किए, जिससे ये हार्ट की मांसपेशियों में तब्दील हो जाएं।

रिसर्च के अनुसार, इस जेल को लिक्विड फॉर्म में ही मरीज के दिल में इंजेक्ट किया जा सकता है। जेल के जरिए नए सेल्स (कोशिकाएं) दिल में जाते हैं और सॉलिड बनकर वहीं ठहर जाते हैं।

चूहों पर हुई स्टडी

इस एक्सपेरिमेंट को पहले चूहों पर किया गया। वैज्ञानिकों ने पाया कि चूहे के दिल में इंजेक्ट करने पर जेल दो हफ्ते तक बरकरार रहा। स्टडी लीडर कैथरीन किंग का कहना है कि जेल अभी भी ट्रायल फेज में है, मगर इसमें फेल होते हार्ट और दिल के दौरे को रिपेयर करने की क्षमता जरूर है। वैज्ञानिक जल्द ही जेल को चूहों में हार्ट अटैक के तुरंत बाद ट्राय करेंगे।

बता दें कि वैज्ञानिक सालों से हार्ट को नए सेल्स की मदद से दोबारा सेहतमंद बनाने पर रिसर्च कर रहे हैं। हालांकि, अब तक केवल 1% सेल्स ही दिल के अंदर पहुंचकर सर्वाइव कर पाए हैं।

नया जेल हार्ट से जुड़ी टेक्नोलॉजी का भविष्य

किंग कहती हैं कि हमारे दिल के पास किसी भी डैमेज को रिपेयर करने की क्षमता बहुत कम होती है। हमें विश्वास है कि यह जेल कमजोर हार्ट में नए सेल्स जनरेट करने में कारगर साबित होगा। भविष्य में दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज में भी यह काम आएगा। मोटापा दिल को बनाता है कमजोर एक अलग रिसर्च में यह बात सामने आई है कि मोटे लोगों का दिल दूसरों के मुकाबले कमजोर होता है। जिन वयस्कों का बॉडी मास इंडेक्स (BMI) ज्यादा होता है, उनके हार्ट फेल होने का खतरा 30% ज्यादा होता है। डायबिटीज, हाइपरटेंशन और ज्यादा कोलेस्ट्रॉल भी इस जोखिम को बढ़ाते हैं।



# साप्ताहिक राशि भविष्यफल

**मेष** : इस सप्ताह भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। परिवार में सुख-सुविधाओं के साधन जुटेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यापारी अपने कार्य को विस्तार देने में सफल होंगे। वर्तमान कार्य में बदलाव के साथ लाभ भी होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए तरक्की के रास्ते खुल रहे हैं।

**वृषभ** : यह सप्ताह कामकाज के लिहाज से अच्छा बीतेगा। पुराने रूके हुए काम इस सप्ताह शुरू हो जाएंगे। आर्थिक प्रगति के रास्ते पर आपके कदम बढ़ने लगेंगे। बिजनेस में लाभ की स्थिति बन रही है। इसमें किसी निकट के व्यक्ति का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोग थोड़े परेशान रह सकते हैं, कार्यस्थल पर किसी से विवाद संभव है।

**मिथुन** : आप पिछले कुछ सप्ताहों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे हैं तो अब शांति रहेगी। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आपके प्रत्येक कार्य में सहयोग करेगा। बिजनेस के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। नौकरीपेशा के स्थानांतरण की संभावना दिख रही है।

**कर्क** : आपके लिए यह सप्ताह कुछ अच्छे समाचार लेकर आ रहा है। कोई बड़ी योजना साकार होने वाली है। भूमि, भवन, संपत्ति के अटके हुए काम पूरे होने की संभावना है। परिवार और समाज में आपका महत्व बढ़ने वाला है। आपके कार्य कोई अटकेंगे नहीं। आर्थिक संकट से भी छुटकारा मिलता दिख रहा है। तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

**सिंह** : यह सप्ताह बहुत शुभ रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास और एनर्जी में बढ़ोतरी होगी, इसका कारण है आपके किसी बड़े काम का पूरा हो जाना। लंबे समय से जिस काम के लिए रूके हुए थे वह इस सप्ताह पूरा कर सकते हैं। नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो बिलकुल कर सकते हैं। यंग प्रोफेशनल्स को जॉब के ऑफर आएंगे।

**कन्या** : सप्ताह आपके लिए मिलाजुला रहेगा। पेट खराब हो सकता है, इसलिए खानपान का खास ध्यान रखें। बारिश की मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। देर रात भोजन करने से बचें। परिवार में किसी मांगलिक कार्य का अवसर आ रहा है। आर्थिक स्थिति के लिए समय अच्छा है। आय के नए स्त्रोत विकसित करेंगे।

**तुला** : इस सप्ताह सलाह है कि आप अपने क्रोध और वाणी पर काबू रखें, चाहे कोई कितना भी आपको भड़काने का प्रयास करे। अनावश्यक विवादों में पड़ने से आपका समय और धन दोनों ही खर्च होगा। खर्च पर भी नियंत्रण करना होगा। आजीविका के साधनों में कमी आने के संकेत हैं इसलिए सतर्क रहें।

**वृश्चिक** : इस सप्ताह आपके भौतिक सुखों में वृद्धि होने वाली है। अपने बढ़े हुए आत्मविश्वास के दम पर आप असंभव काम को भी संभव बना सकते हैं, बस जरूरत है अपने मन से नकारात्मक बातों को बाहर निकालने की। आर्थिक स्थिति सुखद रहेगी। पुरानी परेशानियां लगभग समाप्त होने वाली है।

**धनु** : मान-सम्मान, प्रतिष्ठा और सुखों में वृद्धि होगी। आर्थिक संकटों से बाहर आ जाएंगे और बचत करने की स्थिति रहेगी। आपके संयम और मृदु वाणी के कारण हर किसी को प्रभावित कर लेंगे। मानसिक शांति रहेगी। स्वजनों के सहयोग से किसी बड़े काम को पूरा करने में सफल होंगे। घर की अर्थव्यवस्था बेहतर रहेगी।

**मकर** : किसी की बात पर यदि क्रोध आए तो धैर्य रखें। परिवार में भाई-बहनों के साथ विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रेम संबंधों में एक-दूसरे की केयर करना आवश्यक होगा। दांपत्य जीवन में पति-पत्नी दोनों को एक-दूसरे का ध्यान रखना होगा। सप्ताह के अंत में स्वास्थ्य गड़बड़ा सकता है। परिवार के बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की जरूरत है।

**कुंभ** : धन, सम्मान और मानसिक सुकून ये तीन चीजें खासतौर पर मिलने वाली है। पैसा एक से अधिक जगहों से आएगा। इसलिए आपकी सुख-संपन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन शानदार रहेगा। संतान पक्ष और माता-पिता का पूर्ण सहयोग रहेगा। जीवनसाथी के साथ निजी संबंध यादगार रहेंगे। नया प्रेम संबंध प्राप्त हो सकता है।

**मीन** : यह सप्ताह आपके लिए अत्यंत शुभ है। खासकर आर्थिक स्थिति के लिए अच्छी खबरें देने वाला सप्ताह है। बिजनेस में तरक्की और विस्तार की योजनाएं साकार होंगी। नौकरीपेशा को अधिकारियों से प्रशंसा मिलेगी। प्रेम संबंधों के लिए समय ठीक है। नया प्रसंग आ सकता है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

# चुटकुले



**गप्पू घर पहुंचा तो नौकर ने बताया...**
**नौकर - थोड़ी देर पहले जिगरी दोस्त का फोन आया था।**
**गप्पू - तुझे कैसे पता कि वो मेरा जिगरी दोस्त है?**
**नौकर - उन्होंने आपको गाली देकर कहा था कि कहना मुझे फोन करे।**



**सोनू- मेरी पत्नी इतना मज़ाक करती है कि क्या बताऊं।**
**मोनू- कैसे ?**
**सोनू- कल मैंने उसकी आंखों पर हाथ रख कर पूछा**
**मैं कौन? तो वो बोली "सब्जी वाला"**

## अहमदाबाद मंडल पर 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का शुभारंभ हुआ



पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस'' की ओर बढ़ते कदम के उपलक्ष्य में आज दिनांक 15 जून 2022 से मंडल के न्यू रेलवे कॉलोनी साबरमती, स्थित सामुदायिक भवन से शुभारंभ हुआ। जिसमें 150 से अधिक रेल अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान योग गुरु द्वारा योग के विभिन्न योगासनों का निर्देशन किया गया और वर्तमान समय की भागदौड़ तनावपूर्ण जिंदगी में योग का उपयोग और महत्व समझाया गया। उन्होंने कहा कि मंडल रेल प्रवक्ता अहमदाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि योग हमारा फिटनेस का गुरु है तथा यह हमारे शरीर और मस्तिष्क में सामंजस्य स्थापित करता है। हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए, जिससे हमारा चित शांत होता है और यह आज की व्यस्त जीवनशैली में बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग को नियमित रूप से अपने जीवन में अपनाकर अपने शरीर को फिट एवं स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। सहायक कार्मिक अधिकारी वैभव गुप्ता एवं वेलफ़ेयर टीम द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# मप्र पुलिस की भर्ती में अग्निपथ के जवानों को प्राथमिकता देगी सरकार : शिवराज

मध्यदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि भारतीय सेना में अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किए गए सैनिकों को मध्यप्रदेश पुलिस की भर्ती में वरीयता दी जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को थल सेना, नौसेना और वायुसेना में सैनिकों की भर्ती संबंधी अग्निपथ नामक योजना की घोषणा की, जिसके तहत सैनिकों की भर्ती चार साल की लघु अवधि के लिए संविदा आधार पर की जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा, ऐसे जवान जो अग्निपथ योजना में सेवाएं दे चुके होंगे, उन्हें मध्यप्रदेश पुलिस की भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं को सेना से जोड़ेगी और 45 हजार नौकरियां पैदा करेगी। उन्होंने कहा, इस योजना को शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हृदय से धन्यवाद देता हूँ। भारतीय सेना देश का गौरव है और देशवासियों का अभिमान है। भारतीय सेना के जवान हमारे हीरो हैं, रोल मॉडल हैं। युवाओं को भारतीय सेना से जोड़ने, देश की सीमाओं की सुरक्षा करने और भारत माता की एकता और अखण्डता की रक्षा करने के लिए अग्निपथ योजना प्रारंभ की गई है। अधिक योग्य और युवा सैनिकों को भर्ती करने के लिए दशकों पुरानी चयन प्रक्रिया में बड़े बदलाव के संबंध में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि योजना के तहत तीनों सेनाओं में इस साल 46,000 सैनिक भर्ती किए जाएंगे और चयन के लिए पात्रता आयु 17.5 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होगी और इन्हें अग्निवीर नाम दिया जाएगा। सशस्त्र बलों द्वारा समय-समय पर घोषित की गई संगठनात्मक आवश्यकता और सेना की नीतियों के आधार पर चार साल की सेवा पूरी होने पर अग्निवीर को सशस्त्र बलों में स्थाई नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। योजना में नियमित सेवा के लिए हर बैच से 25 प्रतिशत सैनिकों को बरकरार रखने का प्रावधान किया गया है।

- शिवराज ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं को सेना से जोड़ेगी 45 हजार नौकरियां पैदा करेगी।
- युवाओं को भारतीय सेना से जोड़ने, देश की सीमाओं की सुरक्षा करने और भारत माता की एकता और अखंडता की रक्षा करने के लिए अग्निपथ योजना प्रारंभ की गई है।
- योजना में नियमित सेवा के लिए हर बैच से 25 प्रतिशत सैनिकों को बरकरार रखने का प्रावधान किया गया है।



## माणिक साहा ने उपचुनाव में 95 प्र. वोट हासिल करने की उम्मीद जताई

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने 23 जून को होने वाले उपचुनाव में 95 प्रतिशत मत प्राप्त कर जीत हासिल करने की उम्मीद जताई है। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी नेता पुष्कर सिंह धामी का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद जताई जिन्हें हाल में हुए उपचुनाव में 93 प्रतिशत वोट मिले थे। राज्यसभा सदस्य साहा को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, मई में बिप्लब कुमार देब की जगह मुख्यमंत्री बनाया गया। वह टाउन बरडोवाली क्षेत्र से उपचुनाव लड़ रहे हैं। साहा ने मंगलवार रात चुनाव अभियान के दौरान कहा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उपचुनाव में 93 प्रतिशत वोट मिले। घर-घर जाने के अभियान के दौरान मुझे मतदाताओं से जो जानकारी मिल रही है, उसके हिसाब से मुझे 95 प्रतिशत वोट मिलेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें 95 प्रतिशत वोट मिलने की उम्मीद क्यों है। साहा ने कहा, भाजपा साल भर से जनता के लिए काम कर रही है।

## 'वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट' योजना के तौर पर खुला मिट्टी के बर्तनों का स्टॉल

स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना' के तहत राजकोट स्टेशन पर 22 मार्च, 2022 से टेराकोटा मिट्टी के बर्तनों के उत्पादों का स्टॉल लगाया गया था। अब रेलवे बोर्ड से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राजकोट स्टेशन पर यह स्टॉल स्थायी तौर पर खुला रहेगा। राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम अभिनव जेफ के अनुसार इस स्टॉल पर मिट्टी के बर्तनों के उत्पाद बेचने के लिए उत्पादक, डेवलपमेन्ट कमिश्नर/स्टेट/सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट द्वारा जारी पहचान-पत्र धारक, भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ, पंजीकृत स्वयं सेवी संस्था अथवा एमएसएमई प्रमाण-पत्र धारक, भारत सरकार में रजिस्टर्ड/नामांकित जनजातीय कारीगर/बुनकर, इत्यादि आवेदन कर सकते हैं। गौर तलब है कि यह स्टॉल 15-15 दिनों के लिए 1000/- रु की मामूली टोकन राशि लेकर आवंटित किया जाएगा।

## वन क्षेत्र से 5 किमी के दायरे में स्थित सभी आरा मिलों को हटाएं : सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वन विभाग के उस प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया है, जिसमें राज्य में 1996 के पूर्व वन क्षेत्र से 5 किमी के दायरे में संचालित आरा मिलों को रेगुलराइज करने हेतु आग्रह किया गया था। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने वन विभाग को आदेश दिया है कि वन क्षेत्र से पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी आरा मिलों को यथा शीघ्र हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**निर्णय से लगेगा अवैध कटाई पर लगाम:**मुख्यमंत्री के इस निर्णय का दूरगामी प्रभाव आने वाले दिनों में झारखण्ड राज्य के जंगलों और पर्यावरण पर दिखेगा। इससे जंगलों में लकड़ियों की हो रही अवैध कटाई पर लगाम लगेगी। साथ ही, जंगली जीव, जंगल और वनस्पति संरक्षित हो सकेंगे।

**शुरू हुई अवैध आरा मिलों पर कार्यवाही:**वन विभाग ने देवघर जिला के सारठ एवं सरवन प्रखंड स्थित अवैध रूप से संचालित चार आरा मिलों में छापेमारी कर भारी मात्रा में सागवान की लकड़ी जब्त की है। साथ ही, वन विभाग द्वारा इन आरा मिलों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है।

# राजकोट रेल मंडल में सफलतापूर्वक आयोजित की गई पेंशन अदालत

पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल पर आज पेंशन अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राजकोट मंडल के सीनियर डीसीएम अभिनव जेफ के अनुसार पेंशनर व पारिवारिक पेंशनरों से पूर्व में ही आवेदन मांगे गये था, जिस पर आवश्यक कार्यवाही की गयी और सभी मामलों पर चर्चा करके निर्णय लिया गया। कुल 62 केस प्राप्त हुए, इन सभी केसों का स्थल पर ही निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान कुल 12 पेंशन पे ऑर्डर (पीपीओ) जारी किए गए जिसे सेवानिवृत रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार जैन और अपर मंडल रेल प्रबंधक जी. पी. सैनी द्वारा व्यक्तिगत रूप से दिये गए। जैन ने



उपस्थित सभी पेंशनरों को आश्वासन दिया कि सिर्फ पेंशन अदालत के दौरान ही नहीं बल्कि सामान्य कार्य दिवसों में भी पेंशनरों की समस्याओं पर पूरा ध्यान दिया जाएगा तथा कार्मिक एवम लेखा विभाग द्वारा हमेंशा पूरा सहयोग किया जाएगा। आज की पेंशन अदालत में करीब 55 वरिष्ठ नागरिक/उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे और सौहार्दपूर्ण तरीके से पेंशन अदालत संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष मेहता, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक किरणेंदु आर्य और लेखा और कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे और पेंशन अदालत को सफल बनाया।

# भावनगर मंडल के उप स्टेशन प्रबंधक को 'मैन ऑफ द मन्थ' पुरस्कार

भावनगर मण्डल के उप स्टेशन प्रबंधक-कुंडली मुकेश कुमार सांवल को संरक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक प्रकाश बुटानी ने मई-2022 के लिए ''मैन ऑफ द मन्थ'' अवार्ड से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार समारोह पश्चिम रेलवे के मुख्यालय-चर्चगेट में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक प्रकाश बुटानी ने मुख्य संरक्षा अधिकारी सतीश पी. दूधे की उपस्थिती में भावनगर मण्डल के उप स्टेशन प्रबंधक-कुंडली मुकेश कुमार सांवल को मेडल, योग्यता प्रमाण-पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। भावनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनोज गोयल ने जीएम अवार्ड मिलने पर मुकेश कुमार सांवल को बधाई दी एवं प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया।



# राजकोट मंडल रेल प्रबंधक ने 'रेलवे के लिए स्टार्टअप्स' के बारे में दी जानकारी

राजकोट मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार जैन ने 'रेलवे के लिए स्टार्टअप्स' को प्रोत्साहित करने के लिए बुलायी गयी प्रेस-कांफ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि हाल ही में रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने ''रेलवे के लिए स्टार्टअप'' लॉन्च की है जिसका उद्देश्य भारतीय स्टार्टअप्स/एमएसएमई/इनोवेटर्स/उद्यमियों द्वारा भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सुरक्षा में सुधार के लिए विकसित नवीन तकनीकों का लाभ उठाना है। भारतीय रेलवे नवाचार नीति का मुख्य विवरण इस



प्रकार है:- समस्या निवारण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और उद्देश्य पूर्ण और ऑनलाइन है। उन्होंने कहा कि रेलवे में प्रोटोटाइप का ट्रायल किया जाएगा। नवोन्मेषकों का चयन एक पारदर्शी और निष्पक्ष प्रणाली द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। विलम्ब से बचने के लिए संपूर्ण प्रक्रिया का विकेंद्रीकरण। इस अवसर पर जैन ने कहा कि कार्यक्रम के पहले चरण के लिए रेलवे के विभिन्न मंडलों, क्षेत्रीय कार्यालयों/जोनों से प्राप्त 100 से अधिक समस्या विवरणों में से 11 समस्या विवरण जैसे रेल फ्रैक्चर, आदि को लिया गया है।

## *विधानसभा से भाजपा सदस्यों का बहिर्गमन*

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को विपक्षी भाजपा सदस्यों ने राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बयान की मांग करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। सदन में प्रश्नकाल जैसे ही समाप्त हुआ, भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य ने खड़ा होकर चुनाव-बाद हिंसा और एक भाजपा नेता के विवादित बयान के परिणामस्वरूप राज्य में अशांति की हालिया स्थिति पर सरकार से बयान की मांग की। सदन में मौजूद भाजपा के अन्य सदस्य भी अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गए। भाजपा सदस्यों ने पूछा कि आखिरकार मुख्यमंत्री ने राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चुप्पी क्यों साध रखी है।

# कार्यकर्ता कार्यक्रम के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ने से काफी संख्या में लोग आ रहे : उमेश कुशवाहा

जदयू के प्रदेश मुख्यालय में सरकार और आम जनता के बीच सीधा संवाद करने के उद्देश्य से हुई कार्यकर्त्ता कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के श्रवण कुमार तथा ग्रामीण कार्य विभाग के जयंत राज जी सम्मिलित हुए। जन सुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निदान किया गया। सम्बन्धित पदाधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिया गया। सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण



कुमार ने इस अवसर पर कहा कि कार्यकर्त्ता कार्यक्रम की लोगों को जानकारी हो रही है और इसका असर भी उन्हें नजर आ रहा है। यही कारण है कि इसके प्रति लोगों का भरोसा बढ़ रहा है और काफी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ने सारी बातें मीडिया के सामने रख दी हैं। उसके अलावे कोई नई बात नहीं है। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कोई भी दल अनुशासन से ही चलता है, जहां अनुशासन नहीं होगा वहां नयी-नयी समस्याएं रोज खड़ी होंगी। हमारे प्रदेश अध्यक्ष 4 लोगों की प्राथमिक सदस्यता को समाप्त करने का जो फैसला लिया है वो पूरी जांच पड़ताल के बाद लिया है। ग्रामीण विकास मंत्री ने आगे कहा कि हमारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं और उन्हीं के निर्देश पर पार्टी चलती है। कोई भी किसी का भी व्यक्तिगत समर्थक हो सकता है पर जो कोई भी पार्टी की नीति, सिद्धांत और कार्यक्रम का विरोध करेगा भविष्य में भी उसे सजा मिलेगी। अनुशासनहीनता के आरोप में पहले भी लोग दल से निष्काषित किये जाते रहे हैं।

**शराबबंदी** यह शर्मनाक है कि हमारी विचारधारा से जुड़े संगठनों के विरोध के बावजूद दुकानें अब भी चल रही हैं

# उमा भारती ने मप्र में शराब की दुकान पर फेंका गोबर

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने पार्टी शासित मध्यप्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की अपनी मांग के चलते यहां निवाड़ी जिले के ओरछा कस्बे में शराब की एक दुकान पर मंगलवार रात को गाय का गोबर फेंक दिया। घटना के बाद मंगलवार को उमा भारती ने एक ट्वीट में दावा किया कि ओरछा के प्रवेश द्वार पर स्थित यह दुकान इस जगह के लिए स्वीकृत नहीं है, बल्कि यह किसी दूर गांव के लिए स्वीकृत है और पवित्र शहर ओरछा में दुकान खोलना ही महाअपराध है। हालांकि पुलिस ने कहा कि दुकान उसी स्थान पर स्थित है जहां इसे मंजूरी दी गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें उमा भारती भोपाल से 330 किलोमीटर दूर स्थित राम राजा मंदिर



के लिए प्रसिद्ध धार्मिक नगरी ओरछा में मंगलवार शाम को शराब की एक दुकान पर गाय का गोबर फेंकती नजर आ रही हैं। वीडियो में उमा भारती यह भी कहते सुनाई दे रही हैं , देखो, मैंने गाय का गोबर फेंका है, पथराव नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा, मालूम हो कि इस साल मार्च में प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी उमा भारती ने भोपाल के एक मोहल्ले में शराब की एक दुकान पर पथराव किया था। मंगलवार रात को लगातार ट्वीट कर उमा भारती ने कहा, ओरछा के प्रमुख प्रवेश द्वार पर स्थित यह दुकान इस जगह के लिए स्वीकृत ही नहीं है, यह किसी दूर गांव के लिए स्वीकृत है लेकिन यह ओरछा के मुहाने पर खुली है। इस बारे में जनता ने एवं हमारे संगठन के लोगों ने लगातार धरने प्रदर्शन किए। उन्होंने कहा, सरकार को ज्ञापन दिए तथा प्रशासन से भी इस दुकान को हटाने हेतु बार बार गुहार लगाई क्योंकि यह इस पावन नगरी के माथे पर बड़ा कलंक है। उन्होंने आगे कहा, अयोध्या के बराबर पावन मानी जाने वाली ओरछा नगरी में जब रामनवमी पर दीपोत्सव हुआ, पांच लाख दिए जले, मुख्यमंत्री जी थे तथा मैं भी थी, तब भी यह दुकान उस पावन दिन पर भी खुली थी। उन्होंने कहा, इसलिए पवित्र गौशाला की गाय का थोड़ा सा गोबर मैंने शराब की दुकान पर छिड़क दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि यह शर्मनाक है कि हमारी विचारधारा से जुड़े संगठनों के विरोध के बावजूद दुकान अब भी चल रही है।

## चोरी के दौरान एटीएम में लगी आग

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक एटीएम और उसके अंदर रखे 3.98 लाख रुपए उस समय जल गए जब एक अज्ञात चोर एटीएम को तोड़ने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा घटना रविवार तड़के पिंपरी चिंचवाड़ के कुदलवाड़ी इलाके में स्थित एक एटीएम केंद्र में हुई। एक अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम केंद्र के अंदर प्रवेश किया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे पर काला रंग छिड़क दिया और फिर एटीएम की तिजोरी तोड़ने के लिए गैस कटर जैसी वस्तु का इस्तेमाल करने की कोशिश की। इसी क्रम में एटीएम मशीन में आग लग गई जिससे मशीन, 3.98 लाख रुपए नकद और वहां रखे अन्य सामान जल गए। व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# पश्चिम रेलवे ने 2 जोड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के फेरों का किया विस्तार

यात्रियों की सुविधा के लिए तथा उनकी मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा 2 जोड़ी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के फेरों को विस्तारित किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है ट्रेन संख्या 09117/09118 सूरत-सूबेदारगंज साप्ताहिक विशेष ट्रेन विशेष किराये पर 04 फेरे ट्रेन संख्या 09117 सूरत-सूबेदारगंज स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को सूरत से 06.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.40 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी। इस ट्रेन को 17 जून, तक अधिसूचित किया गया था, जिसे विस्तारित कर दिया गया है और अब यह टेन 24 जून और 1 जुलाई, को भी चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09118 सूबेदारगंज-सूरत विशेष ट्रेन सूबेदारगंज से प्रत्येक शनिवार को 19.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20.00 बजे सूरत पहुंचेगी। इस ट्रेन को 18 जून, 2022 तक अधिसूचित किया गया था, जिसे विस्तारित कर दिया गया है और अब यह ट्रेन 25 जून और 2 जुलाई, को भी चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भरूच, वडोदरा, दाहोद, रतलाम, उज्जैन, मक्सी, शाजापुर, पचोर रोड, ब्यावरा राजगढ़, रूठिया, गुना, बदरवास, शिवपुरी, ग्वालियर, मालनपुर, सोनी, भिंड, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर और स्लीपर क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09415/09416 बांद्रा टर्मिनस-गांधीधाम साप्ताहिक विशेष ट्रेन विशेष किराये पर 08 फेरे ट्रेन संख्या 09415 बांद्रा टर्मिनस-गांधीधाम स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 16.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 06.00 बजे गांधीधाम पहुंचेगी। इस ट्रेन को 30 जून, 2022 तक अधिसूचित किया गया था, जिसे 28 जुलाई, 2022 तक विस्तारित कर दिय गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09416 गांधीधाम-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को गांधीधाम से 00.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 14.20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इस ट्रेन को 30 जून, 2022 तक अधिसूचित किया गया था, जिसे 28 जुलाई, 2022 तक विस?तारित कर दिया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, विरमगाम, ध्रांगध्रा, समाख्याली और भचाऊ स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।




## भारत की यहूदी क्रिकेट टीम इजरायल की धरती पर खेलेगी क्रिकेट टूर्नामेंट



**मुंबई :**भारत और इजराइल के बीच कई समय से सौहार्द पूर्ण संबंध बने हैं खासकर तबसे जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे।व्यापार, सेना के बाद अब खेल में भी दोनों देशों के बीच में घनिष्ठता स्थापित करने के लिए कदम उठाया गया है। भारत की जूइश (यहूदी) क्रिकेट टीम इज़राइल के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय यहूदी खेल आयोजन, विश्व मैकाबिया खेलों में हिस्सा लेगी। मध्य-पश्चिम भारत में इज़राइल के महावा??णिज्यदूत कोबी शोशानी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।गौरतलब है कि क्रिकेट भारत में सबसे लोकप्रिय खेल है लेकिन इजरायल में अभी यह शिशुअवस्था में है। इजरायल अब तक सिर्फ 2-3 खेलों में ही अपनी छाप छोड़ चुका है, उनमें से एक फुटबॉल है। अब इजरायल क्रिकेट के मूल ढांचे को विकसित करने में लगा है जिसमें भारत से उसको सबसे बड़ी मदद मिल सकती है। श्री शोशानी ने ट्वीट कर कहा, हां, हम कर सकते हैं! जूइश क्रिकेट टीम सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय यहूदी खेल आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये इज़राइल जाएगी।

# संन्यास के बाद मिताली राज का पहला इंटरव्यू, साझा किए यादगार और भुलाने लायक अनुभव

भारत की 'पूर्व कप्तान' कहलाये जाने को आत्मसात करने में उन्हें अभी समय लगेगा लेकिन पिछले सप्ताह अपने 23 वर्ष के सुनहरे कैरियर को अलविदा कहने वाली मिताली राज को तसल्ली है कि देश में लड़कियों के क्रिकेट खेलने को सामान्य बात बनाने में उनका भी योगदान रहा। मिताली को 2022 विश्व कप के बाद ही पता चल गया था कि उनके क्रिकेट को अलविदा कहने का समय आ गया है लेकिन कभी बड़े फैसले हड़बड़ी में नहीं लेने वाली मिताली ने कुछ समय इंतजार किया। पीटीआई से खास बातचीत में उन्होंने अपने कैरियर, बीसीसीआई से पहले और बाद के दौर में खेलने के अनुभव, पिछले पांच साल में टीम के लगातार अच्छा नहीं खेल पाने और विश्व कप 2022 के दौरान ड्रेसिंग रूम में मतभेदों पर खुलकर बात की। संन्यास की घोषणा पर उन्होंने कहा ,'' पहली बार मेरे दिमाग में संन्यास की बात आई जब राहुल द्रविड़ ने (2012) क्रिकेट को अलविदा कहा था। मैने प्रेस कांफ्रेंस देखी जो काफी जज्बाती थी और मुझे लगा कि मैं संन्यास लूंगी तो कैसा लगेगा।''

उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता था कि इतना भावुक पल नहीं होगा। मुझे यह तो पता था कि विश्व कप मेरा आखिरी होगा लेकिन मैं जज्बात के उतार चढाव के बीच फैसले नहीं लेती। फिर घरेलू क्रिकेट खेलते समय लगा कि अब पहले जैसा जुनून नहीं रह गया है और मैने तय किया कि अब विदा लेनी है।'' क्रिकेट में उनके योगदान के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा ,'' मुझसे लोग मेरी विरासत के बारे में पूछते हैं लेकिन मेरे पास कोई अच्छा जवाब नहीं है। शायद लड़कियों के सड़कों पर क्रिकेट खेलने और अकादमियों में दाखिला लेने को आम बनाने में मेरी भूमिका रही। जब मैने खेलना शुरू किया तब यह आम बात नहीं थी।'' आरक्षित टिकट के बिना सफर करने से बिजनेस क्लास में हवाई यात्रा तक के सफर को उन्होंने देखा है।बीसीसीआई से पहले और बाद के महिला क्रिकेट के बारे में पूछने पर मिताली ने कहा,'' दोनों का अपना आकर्षण है। पहले भी मुझे बहुत मजा आता था। उस समय सुविधायें नहीं थी लेकिन दूसरे पहलू थे जिनका हमें बहुत मजा आता था। मसलन हम डोरमेट्री में रहते थे या स्कूल में खेल रहे होते तो गर्मियों की छुट्टियों में स्कूल के कमरों में ठहरते।''

उन्होंने कहा ,'' बीसीसीआई की छत्रछाया में आने के बाद महिला क्रिकेट में पेशेवरपन आया। स्थिरता, सुरक्षा और प्रगति आई। अब खेल होते ही सब पांच सितारा होटलों के कमरों में चले जाते हैं। अधिकांश लड़कियां फोन पर होती हैं। मैं यह नहीं कर रही कि यह गलत है लेकिन समय बदल गया है।'' विश्व कप के दौरान टीम में मतभेदों की खबरों पर उन्होंने कहा ,''टीम खेल में मतभेद और असहमतियां होती है और यह स्वाभाविक है।सभी अच्छा खेलना चाहते हैं लेकिन सभी की राय अलग होती है । बतौर कप्तान मेरा काम अपना आपा खोये बिना टीम को लेकर नजरिया स्पष्ट रखना है।''

मिताली राज से एक बार किसी पत्रकार ने पूछा कि आपका पसंदीदा पुरूष क्रिकेटर कौन है जिस पर उनका जवाब था, ''क्या आपने किसी पुरूष क्रिकेटर से कभी पूछा है कि उनकी पसंदीदा महिला क्रिकेटर कौन है।'' मिताली का यह जवाब ही उनकी पूरी शख्सियत को बयां करता है। इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाली मिताली दुनिया में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज ही नहीं हैं बल्कि महिला क्रिकेट को पुरूषों के दबदबे वाले खेल में नयी पहचान दिलाने वाली पुरोधाओं में से एक हैं। दो




दशक से अधिक लंबे कॅरियर में वह महिला क्रिकेट की सशक्त आवाज बनकर उभरीं और कई पीढियों के लिये प्रेरणास्रोत बन गईं।

# आईपीएल ऐसे बनी दुनिया की दूसरी सबसे महंगी लीग, सिर्फ अमेरिका की एनएफएल है आगे

2023 से 2027 आईपीएल चक्र के लिए मीडिया अधिकार का कुल सौदा 48,390.5 करोड़ रुपये में हुआ है। इन सौदों के बाद आईपीएल विश्व के सबसे महंगी लीग में से एक बन गया है। 2017 में स्टार इंडिया ने आईपीएल का टीवी और डिजिटल अधिकार कुल 16,347.5 रूपए में हासिल किए थे। पिछले आईपीएल चक्र (2018-22) की तुलना में इस चक्र के अधिकार की कीमत 2.96 गुना और 196 फीसदी अधिक है। यह अधिकार उन्हें पांच सीजन (60 मैच) के लिए मिला था। हालांकि इस बार यह सौदा 48.390.5 करोड़ में हुआ है। इस बार पांच सीज़न में उन्हें 410 मैचों के मीडिया अधिकार मिले हैं।

प्रति मैच मूल्य के मामले में आईपीएल अब केवल अमेरिका के नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) से पीछे है और इंग्लिश प्रीमियर लीग से आगे है। प्रत्येक एनएफएल मैच का मूल्य 35.07 मिलियन अमेरिकी डॉलर (2022 में हस्ताक्षरित दस वर्षीय मीडिया अधिकार के आधार




पर) है, जबकि 2022-25 में हस्ताक्षरित मीडिया अधिकार के अनुसार इंग्लिश प्रीमियर लीग मैच का मूल्य 11.34 मिलियन यूएस डॉलर है। वहीं आईपीएल में इस बार यह सौदा लगभग 15.11 मिलियन डॉलर में हुआ है। मीडिया अधिकारों पर आधारित एक आईपीएल मैच अब भारत के घरेलू खेल से लगभग दोगुना (1.96 गुना) है। पिछले आईपीएल चक्र में प्रत्येक मैच का औसत मूल्य 60 करोड़ था जो अब 118.02 करोड़ रूपए का है। आईपीएल चक्र 2018 से 2022 के लिए टीवी के अधिकार 11050 करोड़ में बेचे गए थे जबकि आईपीएल चक्र 2023 से 2027 के लिए यह मूल्य 23,575 करोड़ है, जो लगभग 113.35त्न अधिक है।

आईपीएल चक्र 2023 से 2027 तक के लिए भारतीय उपमहाद्वीप में डिजिटल अधिकार के लिए 23758 करोड़ रूपए की बोली लगाई गई। वायकॉम 18 ने पैकैज बी को जीतने के लिए 20,500 करोड़ रूपए ही बोली लगाई। वहीं उन्होंने पैकेज सी के लिए 3257.5 करोड़ की बोली लगाई गई।

इस बार भारतीय उपमहाद्वीप के लिए डिजिटल अधिकारों पर ख़र्च की गई कुल राशि 23,758 करोड़ थी। वायकॉम 18 ने पैकेज बी (भारतीय उपमहाद्वीप के लिए डिजिटल अधिकार) जीतने के लिए 20,500 करोड़ की बोली लगाई, पैकेज सी (केवल हाई-प्रोफाइल मैचों के चयन के लिए भारत में डिजिटल अधिकार भी 3,257.5 करोड़ रूपए में हासिल किया। उपमहाद्वीप में अधिकतम 410 मैचों के लिए डिजिटल अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए यह संयुक्त आंकड़ा पिछले चक्र के लिए लगाई गई कुल बोली से 45 प्रतिशत अधिक है।

## टेस्ट में टी-20 शतकीय पारी खेलने वाले बेरेस्टो ने आईपीएल को दिया श्रेय, गलत था ईसीबी

जिन्होंने इंग्लैंड द्वारा अपने खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने के लिए प्रोत्साहित करने पर सवाल खड़ा करते हुए कहा था कि यह टीम के टेस्ट भविष्य को प्रभावित करेगा, उन्हें अपने इस दावे पर दोबारा विचार करने की ज़रूरत है। ट्रेंट ब्रिज में अपनी धुआंधार पारी की बदौलत इंग्लैंड को सीरीज़ की लगातार दूसरी जीत दिलाने वाले जॉनी बेयरस्टो ने आलोचकों को यही संदेश दिया है। सीरीज़ के आगाज़ के कुछ ही दिन पहले बेयरस्टो इंग्लैंड आए थे। पंजाब किंग्स के साथ दो महीने व्यतीत करने से पहले बेयरस्टो ने मार्च महीने में ही फ़र्स्ट क्लास मैच खेला था। लेकिन नॉटिंघम के अंतिम सत्र में बेयरस्टो ने सीमित ओवरों में अपनी आक्रामक शेली का प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिला दी। 38 ओवरों में 160 रनों के लगभग असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने एक-एक कर सभी गेंदबाज़ों पर प्रहार किया और 22 ओवर शेष रहते ही यह मुक़ाबला अपनी टीम के नाम करने में क़ामयाबी भी हासिल कर ली। इस पारी के साथ ही पूरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के अप्रोच के परिणामस्वरूप लगभग 1700 रन बने। यह एक घोषणापत्र की तरह था



कि इंग्लैंड बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की अगुवाई में एक ऐसा खेल खेलना चाहती है जिसमें हर खिलाड़ी को अपनी मज़बूती पर खेलने की अनुमति हो। बेयरस्टो को इसमें कोई संदेह नहीं था कि उनकी पारी, टेस्ट में एक अंग्रेज़ द्वारा दूसरा सबसे तेज़ शतक, उच्च दबाव वाली स्थितियों से निपटने की क्षमता पर आधारित थी, जो कि प्रतिस्पर्धा करते समय सबसे हाई-प्रोफ़ाइल टी 20 लीग आईपीएल में आम है। आईपीएल खेलने के संबंध में बात करते हुए बेयरस्टो ने कहा, काफ़ी लोगों ने कहा था कि मुझे आईपीएल के बजाय काउंटी क्रिकेट खेलना चाहिए।निर्णय निर्णय होते हैं और अगर मैं कह सकता हूं कि मैं क्या चाहता था ... लेकिन इसमें कुछ तत्व भी हैं जहां आप आईपीएल में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं। इसलिए उन गियर को प्राप्त करने में सक्षम होना, उन्हें स्विच अप और स्विच डाउन करने में सक्षम होने के लिए महत्वपूर्ण है। बेयरस्टो ने कहा, हां, लोग कहते हैं कि यदि आप लाल गेंद के चार मैच खेले होते तो यह वाक़ई शानदार होता लेकिन दुर्भाग्य से, दुनिया भर में मौजूद शेड्यूलिंग के कारणवश ऐसा संभव नहीं हो पाता।




## पाकिस्तान के अमीर सियासतदान:शहबाज-इमरान से ज्यादा अमीर हैं बिलावल भुट्टो, उनके पास डेढ़ सौ करोड़ की प्रॉपर्टी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और पूर्व पीएम इमरान खान से ज्यादा दौलत उनकी पत्नियों के पास है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग को दिए गए एसेट्स डिक्लरेशन में यह बातें सामने आई हैं। शाहबाज शरीफ के पास करीब 10 करोड़ रुपए की एसेट्स हैं और उन पर 15 करोड़ का कर्ज है। शेखूपुरा और लाहौर में उनके पास 61 एकड़ की भूमि है। उनका एक घर लंदन में भी है, जिसकी कीमत साढ़े 13 करोड़ रुपए है।

**इमरान के पास चार बकरे**

शाहबाज के बैंक खाते में 2 करोड़ रुपए हैं। पहली पत्नी नुसरत के पास करीब 23 करोड़ की संपत्ति है। कई इन्वेस्टमेंट्स के साथ नुसरत के बैंक खाते में 2 करोड़ रुपए हैं। पूर्व पीएम इमरान के पास दो लाख रुपए के चार बकरे हैं। बनीगला में 30 एकड़ का बंगला भी है। उन्हें विरासत में लाहौर जमान पार्क में एक घर और 600 एकड़ भूमि भी मिली है। वैसे खास




बात यह भी है कि बुलेटप्रूफ कार में चलने वाले इमरान के पास रिकॉर्ड में कोई कार नहीं है और न ही पाकिस्तान के बाहर कोई संपत्ति है। इमरान के बैंक अकाउंट में करीब 6 करोड़ रुपए हैं। इमरान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी की कुल प्रॉपर्टी करीब 15 करोड़ रुपए की है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी यानी पीपीपी प्रमुख और पूर्व पीएम बेनजीर भुट्टो के बेटे बिलावल भुट्टो जरदारी के पास करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की प्रॉपर्टी है। उनके पास विदेश में ज्यादा एसेट्स हैं। दुबई में बिलावल की 25 प्रॉपर्टी हैं।

**बेनजीर के पति जरदारी की कुल संपत्ति 70 करोड़ रुपए**

बेनजीर भुट्टो के पति आसिफ अली जरदारी की संपत्ति में 4 करोड़ का इजाफा हुआ है। उनकी कुल संपत्ति 70 करोड़ रुपए के करीब है। उनके पास हजारों एकड़ की कृषि भूमि है। साथ ही 20 घोड़े और सैंकड़ों ऊंट, गाय और भैंस हैं। उनके पास मौजूद हथियारों की कीमत ही करीब डेढ़ करोड़ रुपए है।

# रूस-यूक्रेन जंग:कीव पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति और जर्मन चांसलर, यूक्रेन को जल्द बड़ी मदद देगा नाटो

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी गुरुवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। इन सभी नेताओं ने पहले कीव के उन हिस्सों का दौरा किया, जहां रूस ने जबरदस्त हमले किए हैं। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की के साथ लंबी मीटिंग की। इसके बाद यह तय हुआ कि नाटो यूक्रेन को बहुत जल्द बड़ी मदद देगा। हालांकि, यह किस शक्ल में होगी, इसका खुलासा फिलहाल नहीं किया गया।

**भारी हथियार मिल सकते हैं यूक्रेन को**

'न्यूयॉर्क टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नाटो देश बहुत जल्द यूक्रेन की उस मांग को पूरा कर सकते हैं, जिसमें उसने रूस से मुकाबले के लिए भारी हथियारों की



मांग की थी। अप्रैल में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भी कीव गए थे। माना जा रहा है कि नाटो देश सबसे पहले यूक्रेन को 6 ट्रक से दागे जाने वाली स्पेशल हॉवित्जर यूनिट दे सकते हैं। फ्रांस इसकी 12 यूनिट पहले ही यूक्रेन को दे चुका है। रूस इन मिसाइलों के हमले से परेशान है और इसकी वजह से उसे दक्षिणी यूक्रेन के खेरसॉन पर कब्जा छोड़ना पड़ा।

**यूक्रेन की हिफाजत करेंगे**

कीव में मीडिया से बातचीत के दौरान मैक्रों ने कहा- हमने यहां आकर जमीनी हालात का जायजा लिया है। यूक्रेन अपने वजूद की जंग लड़ रहा है। उसकी आजादी और वजूद को बचाने की जिम्मेदारी हमारी भी है। यही हमारा टारगेट है और इसे हासिल करने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है।

एक सवाल के जवाब में मैक्रों ने कहा- यूक्रेन को यूरोपीय यूनियन की मेंबरशिप दिलाने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए नियम हैं और हम कोशिश कर रहे हैं कि जितनी जल्दी हो सके, यूक्रेन को पहले यूरोपीय यूनियन की मेंबरशिप दिलाई जाए। अब लिसिचांस्क से भागने लगे आम नागरिक रूस ने यूक्रेन के पूर्वी राज्य लिसिचांस्क पर जबरदस्त हमले जारी रखे हैं। सेवेरोडोनेट्स्क यहां का अहम शहर है। रूसी फौज ने इस शहर तक जाने वाले तमाम ब्रिज उड़ा दिए हैं। अब यहां के लोग खेतों और नहरों के जरिए यहां से भागने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कुछ ट्रेन रूट्स भी खुले हैं। खास बात यह है कि रूसी फौज तीन दिन से 18 किलोमीटर दूर अटकी हुई है। यूक्रेन की फौज उसका पूरी ताकत से मुकाबला कर रही है। रूस की पूरी कोशिश यह है कि किसी तरह इस शहर को कब्जे में लिया जाए ताकि पूर्वी हिस्से की सप्लाई चेन तोड़ी जा सके। पहले उसे यह काम ज्यादा मुश्किल नहीं लग रहा था, लेकिन अब यह टारगेट काफी मुश्किल नजर आ रहा है।

# मुग्धा गोडसे ने

## द ब्रोकन न्यूज़ में काम करने के अपने अनुभव के बारे में की बात

मधुर भंडारकर की फिल्म फैशन से शानदार शुरूआत करने वाली अभिनेत्री मुग्धा वीरा गोडसे वर्तमान में अपने नए वेब शो द ब्रोकन न्यूज के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं। हाल ही में, उन्होंने शो में अपने किरदार और कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। अपनी उत्तेजना व्यक्त करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, द ब्रोकन न्यूज में मेरा किरदार बेहद रोमांचक और महत्वपूर्ण भी है। मैं एक राजनेता की भूमिका निभा रही हूं और इसके लिए काफी शोध और सचेत अभिनय की आवश्यकता है। अपनी स्क्रीन उपस्थिति को तोड़ते हुए, उसने कहा, मेरे दृश्य ज्यादातर जयदीप के साथ थे, लेकिन सोनाली के साथ मेरे पसंदीदा दृश्य हैं। साथ ही पूरी टीम बिल्कुल सही थी और मेरे पास था उनके साथ काम करने का अच्छा समय है। उसने आगे खुलासा किया कि वह इस परियोजना के लिए कैसे बोर्ड पर आई, चूंकि निर्माताओं ने मुझे पहले ही ब्लडी ब्रदर्स में देखा था – उनकी पिछली सीरीज, उन्होंने मुझसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया। निर्देशक से मिलने के बाद और इस भाग को पढ़कर, मैं भाग लेने के लिए उत्सुक थी क्योंकि यह चुनौतीपूर्ण और वास्तव में नया था।





# पत्नी किरण के जन्मदिन पर अनुपम ने जतायी यह इच्छा

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी पत्नी किरण खेर को उनके 70वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि उनके बेटे सिकंदर की जल्दी शादी हो जाए।

अनुपम खेल ने इंस्टाग्राम पर किरण खेर के साथ कई तस्वीरें पोस्ट की। इस दौरान उन्होंने कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक प्यारी किरण। ईश्वर तुमको दुनिया की सारी खुशियां दें। तुम एक लंबी, स्वस्थ और सुकून भरी जिंदगी जियो। तुम्हारा जीवन मुस्कुराहटों से भरा रहे। तुम भगवान द्वारा बनाई गई सबसे खास इंसान हो। तुम ऐसे ही कई सालों तक चंडीगढ़ के लोगों की सेवा करती रहो। कामना करता हूं कि जल्द ही सिकंदर की शादी हो जाए, प्यार और प्रार्थना। किरण एक्ट्रेस के साथ–साथ राजनेता भी हैं। वह हाल ही में ब्लड कैंसर से उभरी है। वह रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट में बतौर जज नजर आ रही है।



# मैं या तो अपनी जेब को या अपनी आत्मा को संतुष्ट करती हूं : ईशा गुप्ता

हाल ही में वेब सीरीज आश्रम 3 में नजर आ चुकीं अभिनेत्री ईशा गुप्ता का कहना है कि समय के साथ अभिनय के लिए प्रोजेक्ट चुनने का उनका मानदंड बदल गया है। ईशा ने शो में नायक, बाबा निराला की छवि प्रबंधक सोनिया की भूमिका निभाई। अभिनेत्री ने शो का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की, क्योंकि वह पहले से ही आश्रम की प्रशंसक थीं, उन्होंने एक प्रोजेक्ट चुनने का अपना तरीका भी साझा किया। शा ने बताया, मैंने बहुत कम उम्र में अपना स्वतंत्र जीवन शुरू कर दिया है। ऐसे दिन थे जब मैंने अपनी पॉकेट मनी कमाने के लिए एक छात्र के रूप में एक कैफे में काम किया था। लेकिन अब इतने वर्षो के बाद मेरे पास एक निर्धारित्त पैरामीटर है। मेरा अभिनय परियोजना को या तो मेरी जेब या मेरी आत्मा को संतुष्ट करना है। अगर मैं असाइनमेंट या कहानी से बहुत पैसा नहीं कमा रही हूं, एक भूमिका जो इतनी रोमांचक है जो मुझे एक अभिनेत्री के रूप में चुनौती देती है, तो इसे करने का क्या मतलब है। भगवान की कृपा से, मैं अच्छा कर रही हूं और मैं वास्तव में सिर्फ अपनी रसोई चलाने के लिए काम नहीं कर रही हूं। मैं जीवन के उस पड़ाव पर हूं, जहां मैं संतुष्टि की तलाश में हूं। अभिनेत्री को राज 3, जन्नत 2, रुस्तम, वेब सीरीज रिजेक्टएक्स, नाकाब जैसी बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ट्रोलर्स से अप्रभावित हैं, ईशा ने जवाब दिया, लेकिन ट्रोलर्स केवल प्रशंसक हैं, इसलिए वे मेरी पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे हैं, वे मुझसे प्यार करते हैं।



# सैम बहादुर में इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी फातिमा

एक्ट्रेस फातिमा सना शेख बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जिन्होंने बहुत कम समय में अपनी जबरदस्त पहचान बनाई हैं। उन्होंने फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों का खूब दिल जीता है। वहीं अब देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाकर लोगों दिल जीतेंगी। जी हां, फातिमा, डायरेक्टर मेघना गुलजार की फिल्म सैम बहादुर में इंदिरा गांधी का रोल प्ले करेंगी और एक्ट्रेस ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। फातिमा सना शेख ने फिल्म सैम बहादुर के लिये तैयारियां शुरू कर दी है। वह अपने किरदार को पर्दे पर अच्छे से उतारने के लिए इंदिरा गांधी के बचपन से लेकर राजनीतिक जीवन से जुड़े इंटरव्यू देख रही हैं और बहुत सारे लेख पढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि, इतिहास बदलने वाली मशहूर हस्ती के बारे में जानना वाकई में बेहद दिलचस्प है। उन्होंने बताया कि इस रोल के लिए उन्होंने बस एक लुक टेस्ट किया था। वह सैम बहादुर में काम करने के लिए इसलिए उत्साहित हैं, क्योंकि इसकी वजह से उन्हें मेघना गुलजार के साथ काम करने को मिल रहा है। बता दें, फिल्म सैम बहादुर वर्ष 1971 में हुये भारत–पाक युद्ध के नायक देश के सश्क्त आर्मी चीफ और पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर आधारित है। फिल्म में उनकी शौर्यगाथा को पेश किया जाएगा। मेघना गुलजार के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में विक्की कौशल सैम की भूमिका निभा रहे हैं।


# व्हाइट ड्रेस में निक्की तंबोली ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



एक्ट्रेस निक्की तंबोली सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जो आग लगा रही हैं। लुक की बात करें तो निक्की व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने हील पहनी हुई है। मिनिमल मेकअप और ओपन हेयर्स से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में निक्की बेहद बोल्ड लग रही है। निक्की की इन तस्वीरों को देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए निक्की ने लिखा– अगर मुझे घूरने वाले हो तो फिर माशाअल्लाह बोलना। फैंस इस तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं।

महिला का आरोप पैसे मांगने पर दी गोली मारने की धमकी

# करणवीर बोहरा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज



**टीवी एक्टर करणवीर बोहरा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि करणवीर बोहरा समेत 6 लोगों के खिलाफ झांसा देकर 1.99 करोड़ रुपए ठगने के आरोप में केस दर्ज किया गया।**

एक्टर के खिलाफ यह केस उस महिला ने दर्ज करवाया है, जिसे करणवीर बोहरा ने झांसा देकर ठगा। इतना ही नहीं महिला ने ये भी आरोप लगाया गया कि पैसे मांगने पर एक्टर और उनकी पत्नी पत्नी टीजे सिद्धू ने गोली मारने की धमकी दी। उनके खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि एक 40 साल की महिला ने मनोज बोहरा उर्फ करणवीर बोहरा समेत 6 लोगों पर 1.99 करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। इस सिलसिले में सभी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। महिला ने दावा किया कि एक्टर ने उसे 2.5 पर्सेंट ब्याज पर पूरी रकम लौटाने की बात कही थी लेकिन एक करोड़ से सिर्फ थोड़ी सी ज्यादा रकम ही वापस की गई है। महिला का दावा पैसे वापस मांगने पर दी गोली मारने की धमकी पुलिस के मुताबिक महिला ने यह भी दावा किया कि जब उसने राशि मांगी तो करणवीर बोहरा और उसकी पत्नी तजिंदर सिद्धू यानी टीजे सिद्धू ने ठीक से जवाब नहीं दिया और उसे गोली मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में ओशिवारा पुलिस का कहना है कि करणवीर बोहरा व अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है, जल्द ही उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।



# मीका सिंह के स्वयंवर के पहले कपिल शर्मा ने बोल दी ऐसी बात कि भावुक हो गए सिंगर

एक से बढ़ कर एक सुपरहिट गीत गाने वाले मीका सिंह को लेकर 19 जून से स्टार भारत पर एक शो स्वयंवर – मीका दी वोटी शुरू होने जा रहा है। जैसा नाम से ही स्पष्ट है, इस शो के जरिये मीका अपनी लाइफ पार्टनर चुनने जा रहे हैं। इस वजह से यह शो प्रीमियर होने के पहले ही चर्चित हो गया है। लोगों को तो इंतजार है कि कब यह शो शुरू हो और कब वो देखें कि मीका सिंह किसे और किस तरह से अपनी जीवन साथी का चुनाव करते हैं। न केवल आम आदमी बल्कि सेलिब्रिटी, मीका के फैंस, दोस्त और परिवार वाले भी इस शो को लेकर भारी उत्साह में हैं। मीका को सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं मिल रही हैं और इस शो से जुड़ी हर बात चर्चित हो रही है। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कॉमेडी किंग कपिल शर्मा मीका के बारे में कुछ कह रहे हैं जिसे सुन मीका भावुक हो जाते हैं। कपिल का कहना है कि मीका जिस लड़की से भी शादी करेंगे वो लड़की बहुत भाग्यशाली होगी क्योंकि मीका उस इंसान का भी ध्यान रखते हैं जिन्हें वो जानते भी नहीं है, जो बिलकुल अंजान है। ये इंसान उनको इतना प्यार दे सकता है तो अपनी लाइफ पार्टनर का कितना प्यार देगा। मेरी दिल से दुआएं हैं मीका आपके लिए। 19 जून से शुरू होने वाले शो का प्रसारण स्टार भारत टीवी चैनल पर रात 8 बजे होगा। इसमें 12 लड़कियां भाग ले रही हैं जिसमें से एक को मीका सिंह अपनी दुल्हनियां बनाएंगे।

# आर्किटेक्ट्स पर स्थिरता की जिम्मेदारी



आर्किटेक्ट धीरज सल्होत्रा
(प्रधान अध्यापक)
ठाकुर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, मुंबई

सतत विकास लक्ष्य सभी देशों - गरीब, अमीर और मध्यम आय वाले - द्वारा ग्रह की रक्षा करते हुए समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई का आह्वान है।

आर्किटेक्ट्स नियमों के लिए बुनियादी विचार और प्रस्ताव प्रदान कर सकते हैं जो हमारे लिए भविष्य में स्थायी शहरों और समुदायों के लिए संभव बनाते हैं।

भवन निर्माण उद्योग के पास किसी भी बुनियादी ढांचा या विकास परियोजना का सबसे बड़ा हिस्सा है। पेशेवरों के एक संघ के रूप में आर्किटेक्ट्स की स्थायी समाधान प्रदान करने की संवेदनशीलता को संबोधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वास्तुकला के कई स्कूल संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिभाषित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिणाम-आधारित शिक्षा को धीरे-धीरे संरेखित कर रहे हैं।


सतत विकास की अवधारणा उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के बीच लोकप्रियता प्राप्त कर रही है। आर्किटेक्ट पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जागरूक अभिनव और टिकाऊ समाधान प्रदान करने में मदद कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र और सार्वभौमिक परिवर्तन लाने में सक्षम हों। चुनौतीपूर्ण संदर्भ में शहरी सम्मिलन के आदर्श उदाहरण के रूप में डिजाइन कार्यक्रमों को अपनाने की वर्तमान प्रवृत्ति समय की आवश्यकता है। शहरी विकास प्राधिकरणों, नीति निर्माताओं, नगरपालिका प्राधिकरणों, सलाहकारों, सेवा प्रदाताओं और निर्माताओं के बीच सहयोग सतत विकास के लिए आवश्यक सहायता और प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है।



शैक्षणिक प्रभाव स्थिति वाले संस्थान 17 यूएनएसडीजी के संबंध में समाधान प्रदान करने में सक्षम पर्यावरण के प्रति जागरूक पेशेवरों की स्थापना के लिए आवश्यक वातावरण प्रदान कर रहे हैं।

ऐसी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं जो ऐसे समाधान प्रदान करने में सक्षम हों जो कि किफायती हों जैसा कि आर्किटेक्ट नवीनतम सॉफ्टवेयर में प्रशिक्षण के साथ आवश्यक कौशल सेट विकसित कर रहे हैं, उद्योग को हरित दृष्टिकोण अपनाने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। वास्तुकला परिषद, नई दिल्ली पर्यावरण के प्रति जागरूक वास्तुकारों के पोषण और प्रशिक्षण के लिए लगातार कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन कर रही है।

# गीत संगीत व नृत्य के माध्यम से कत्थक सम्राट स्व. बिरजू महराज को श्रध्दांजलि दी जाऐगी




पिछले लगातार 6 वर्षों से केंद्र सरकार, राज्य सरकारों तक अपनी मांगें संग्राम फाउंडेशन के तहत चल रहा जय हिंद अभियान रखता आ रहा है लेकिन किसी ने मांगों पर कोई जवाब नहीं दिया। अतः सरकार का ध्यान दिलाने के लिए 5 जून को जंतर मंतर पर स्वतंत्रता सेनानियों संबंधी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया जिसमें पूरे देश से अभियान के सहयोगियों ने हिस्सा लिया।

इस मोर्चे में मुकेश खन्ना, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सिंह, राष्ट्रीय सचिव दीपक त्रिपाठी के अलावा स्वतंत्रता सेनानियों के कई परिजनों ने भी हिस्सा लिया।

मोर्चे के दौरान मुकेश खन्ना ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि सरकार स्वतंत्रता सेनानियों के लिए उठ रही जायज मांग को नजरअंदाज कर रही है। क्यों नही भगतसिंह, चंद्रशेखर आज़ाद जैसे नामो को भारतरत्न नही दिया जाता? क्यों नहीं इनके नामो से सरकारी योजनाएं चलाई जाती?

गोपाल सिंह ने बताया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 6 वर्षों के निरन्तर प्रयासों के बावजूद सरकार का ध्यान न देना उनका स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति उदासीन रवैया दर्शाता है।

दीपक त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में कहा कि यदि अभियान की मांगें नहीं मानी जाती तो हम अपना प्रदर्शन आगे भी करेंगे और जब तक सरकार जवाब नहीं देती तब तक हम अपने लोकतांत्रिक प्रयासों को जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि क्या भारतरत्न, राष्ट्रीय राजमार्गों के नामकरण, पाठ्यक्रम में विस्तृत उल्लेख इत्यादि मांगें स्वतंत्रता सेनानियों के लिए जायज नहीं हैं और अगर जायज नही है तो सरकार खुलकर कहे। अगर हमारी मांगें जायज है तो तत्काल इसपर कार्यवाई हो। मुम्बई से जय हिंद अभियान के सैकड़ों सहयोगी पूरे दिन अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिये जंतर मंतर पर डटे रहे।

मुकेश खन्ना ने कहा कि हमने अपना डिमांड रख दिया अब आगे सरकार के जवाब का इंतजार है।

# रोबोटिक लैब का उद्घाटन बच्चों को मिली नयी तकनीकी सुविधा

**यह रोबोटिक लैब स्कूली बच्चों को तकनीक में रुचि पैदा करके नई अवधारणाएं हासिल करने में मदद करेगी -उपसचिव -राहुल पचौरी (महाराष्ट्र शासन)**



**संवाददाता। भाईदंर**
गत 15 जून को मीरा भायंदर मनपा काशी मराठी स्कूल नंबर 4 मे भारत सरकार और विश्व बैंक के मदद से स्टार प्रोजेक्ट के तहत उप सचिव राहुल पचौरी और मीरा भायंदर मनपा आयुक्त की मौजूदगी मे इस लैब का उद्घाटन संपन्न हुआ इसके साथ डी-मार्ट के माध्यम से छात्रों के लिए एक निःशुल्क पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया गया।

आज की शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक अधिकतम कौशल प्राप्त कर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक विविध प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराएं, यह रोबोटिक लैब स्कूली बच्चों को तकनीक में रुचि पैदा करके नई अवधारणाएं हासिल करने में मदद करेगी। पुस्तकालय युवा छात्रों को पढ़ने के लिए और बौद्धिक विकास करने में भी मदद करेगा। छात्रों को तैयार करते समय, शिक्षकों द्वारा स्वयं बनाए गए विभिन्न शैक्षिक उपकरणों का उपयोग उनके दैनिक शिक्षण में किया जाना चाहिए उक्त विचार कार्यक्रम मे शिरकत करने पहुँचे उप सचिव राहुल पचौरी ने कहा वहीं दूसरी ओर आयुक्त ने कहा कि मीरा भायंदर मनपा द्वारा संचालित मराठी, हिंदी, उर्दू और गुजराती माध्यम में पढ़ने वाले सभी छात्रों के लिए प्रशासन हर तरह की स्कूल और शैक्षणिक सुविधाएं मुहैया करा रहा है. इन शैक्षणिक वर्षों के दौरान छात्रों और अभिभावकों के बीच जागरूकता पैदा करने के साथ, अधिक से अधिक माता-पिता अपने बच्चों को मनपा स्कूलों में नामांकित करने की प्रवृत्ति बढ़ा रहे हैं। मनपा के स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी और स्कूल शिक्षक जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं और उम्मीद है कि मनपा के स्कूलों में छात्रों की संख्या में काफी इजाफा होगा बच्चो और शिक्षकों को संबोधित करते हुए आयुक्त दिलीप ढोले ने बात रखी।

# पर्यावरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक संगठनों का हुआ सम्मान



**मुंबई तरंग, गणेश पाण्डेय। भाईदंर**
* मनपा मीरा भाईदंर द्वारा पर्यावरण के लिए शहर को स्वच्छ रखने हेतु माझी बसुधंरा कार्यक्रम के तहत कई सामाजिक संगठनों की मदद से साफ स्वच्छ पर्यावरण के लिए संगठनों के किए कार्यों के योगदान हेतु सम्मानित किया है17 जून को उपायुक्त संजय शिंदे ने "विश्व पर्यावरण दिवस" के अंतर्गत भायंदर में सामाजिक संगठनों के पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मानित किया जिसमे से प्रमुख नाम चाइल्ड हेल्प फाउंडेशन, नागोबा फाउंडेशन, फॉर फ्यूचर इंडिया, मूसा चिनप्पा फाउंडेशन, कुर्ला वॉयस, मीरा भायंदर साइकिलिस्ट एसोसिएशन, खेलो मीरा भायंदर खेलो, फिलांट्रो को प्रशंसा पत्र दिए गए। फ्यूचर इंडिया, चाइल्ड हेल्फाउंडेशन, नागोबा फाउंडेशन और मीरा भायंदर मनपा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मीरा भयंदर शहर में "विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जबकि मूसा चिनप्पा फाउंडेशन, कुर्ला वॉयस, मीरा भायंदर साइकिल एसोसिएशन, खेलो मीरा भायंदर खेलो, फिलांट्रो स्वच्छता अभियान चलाया गया। मीरा भायंदर के कई पर्यावरणविदों ने सुबह 6 से 8 बजे तक दो घंटे साइकिल चलाकर और दौड़कर उत्तन तट की सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान 15 टन से अधिक प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक पर्यावरणविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा के लिए जागरूकता और सफाई को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को समुद्री प्रदूषण, अधिक जनसंख्या और ग्लोबल वार्मिंग जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। मीरा भायंदर शहर में ''माझी वसुंधरा'' अभियान के तहत प्रशासन के सहयोग से प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण हितैषी साइक्लोथॉन एवं भव्य समुद्र तट सफाई अभियान का आयोजन किया गया तथा समाज में जागरूकता पैदा करने का कार्य सामाजिक संस्थाओं ने किया इस अवसर पर मनपा आयुक्त दिलीप ढोले ने सभी सामाजिक संस्थाओं का धन्यवाद किया।

# पहले दिन स्कुल के बच्चों को फुल देकर महापौर और आयुक्त ने किया स्वागत

**15 जुन स्कुल के पहले दिन मनपा महापौर और आयुक्त ने नवांगतुक नन्हे बच्चों को पुष्प देकर उत्साहवर्धन किया**



**मुंबई तरंग, गणेश पाण्डेय**
भाईदंर, 15 जून को महापौर ज्योत्स्ना हसनाले और आयुक्त दिलीप ढोले ने भायंदर वेस्ट में स्कूल का दौरा किया और दूसरी ओर अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पनपट्टे, डिप्टी कमिश्नर (शिक्षा) अजीत मुठे काशीमीरा के स्कूल नंबर 1 और 6 और नवघर स्कूल नंबर 4 में दौरा कर नवांगतुक प्रवेश करने वालो नन्हे मुन्नों के लिए गुलाब के फूल नए शैक्षणिक वर्ष का स्वागत देकर किया। इस अवसर पर महापौर के साथ सभा नेता प्रशांत दलवी, सहायक आयुक्त शिक्षा विभाग संजय डोंडे, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं मनपा कर्मचारी उपस्थित रहे। मीरा भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र में 15 जून से शुरू होने वाले शैक्षणिक वर्ष में पहली बार विद्यालय में कदम रखने वाले दो साल से ज्यादा हो गये थे कोराना के वजह से स्कुल और पठन पाठन कार्य प्रभावित रहे बच्चो से संवाद करते हुए महापौर और आयुक्त ने उनके शैक्षणिक सत्र की यात्रा की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी साथ ही छात्र छात्राओं

को विद्यालय उपयोगी सामग्री वितरित की गई। आयुक्त ने बच्चों से संवाद कर उनसे तैयारी हेतु पहचान अंक पहचान शब्द, खेल फल, फूलों की जानकार ली आयुक्त ने कहा कि वर्तमान स्थिति में भले ही कोरोना की संख्या कम हो रही है, लेकिन सभी बच्चे कोरोना नियमों का सही से पालन करते रहना होगा। महापौर व आयुक्त ने छात्रों को सही तरीके से कोरानानियमों का करने मास्क का उपयोग अनिवार्य न होने पर भी विद्यालय के शिक्षकों ने युवा छात्रों को उपयोगी स्थानों पर उपयोग करने, बार-बार हाथ धोने, सामाजिक दूरी बनाए रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही कक्षाओं, विद्यालय, शौचालय एवं विद्यालय के आसपास साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए।

# नो मोर गर्मी अब 8 और एसी लोकल ट्रेन वेस्टर्न रेलवे करेगी संचालित

**पहले एसी की 32 सेवा पश्चिम रेलवे की संचालित है जो बढकर 40 की गयी**




**मुंबई तरंग, गणेश पाण्डेय**
मुंबई, पश्चिम रेलवे 20 जून से मुंबई उपनगरीय खंड में शुरू करेगी 8 और एसी लोकल ट्रेन सेवाएँ शुरू करेगी आपको बता दे की अभी तक एसी सेवाओं की कुल संख्या 32 से बढ़कर होगी 40

एसी लोकल की यात्रियों में लोकप्रियता और उनकी बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा आब 20 जून से मुंबई उपनगरीय खंड पर एसी लोकल सेवाओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। सोमवार से पश्चिम रेलवे पर 8 नई एसी सेवाओं की शुरुआत के साथ एसी सेवाओं की कुल संख्या अब 32 से बढ़कर 40 हो जाएगी।

पश्चिम रेलवे के आधिकारिक जानकारी के अनुसार एसी लोकल के यात्रा टिकटों के किराए में 5 मई, 2022 से कटौती की गई है। किराये में कटौती किए जाने के कारण एसी लोकल ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हाल ही में पश्चिम रेलवे द्वारा 16 मई, 2022 से 12 और एसी लोकल सेवाएँ शुरू की गई थीं। एसी लोकल की मांग और लोकप्रियता को देखते हुए पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए 20 जून, 2022 से 8 और एसी लोकल सेवाएँ शुरू करेगी। उल्लेखनीय है कि ये 8 सेवाएँ सोमवार से शुक्रवार तक ही चलेंगी। शनिवार और रविवार को 32 एसी सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी और शेष 8 सेवाएँ नॉन एसी रेक के साथ चलेंगी। अतिरिक्त 8 सेवाओं में से 4 सेवाएँ अप और 4 डाउन दिशा में हैं। अप दिशा में विरार-चर्चगेट, विरार-दादर, वसई-चर्चगेट और मालाड-चर्चगेट के बीच एक-एक सेवा है। इसी तरह डाउन दिशा में दादर-विरार, चर्चगेट-विरार, चर्चगेट-वसई और चर्चगेट-मालाड के बीच एक-एक सेवा है। इन अतिरिक्त 8 एसी ईएमयू सेवाओं का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

# पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आगामी 19 जुन को



**संवाददाता। भाईदंर** 13 जनवरी 2011 के बाद से भारत में पोलियो का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है। भारत ने मार्च 2014 में पोलियो उन्मूलन प्रमाणपत्र प्राप्त किया। हालांकि, देश भर से लगातार मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में प्रवास को देखते हुए, राज्य में पोलियो का खतरा कभी भी पैदा हो सकता है इसी के अनुसार रविवार को मीरा मनपा द्वारा 19 जून को उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान लागू किया जाएगा। इस अभियान के लिए 90387 लाभार्थी बच्चो के आने की उम्मीद है और क्षेत्र में 390 बूथ, 71 ट्रांजिट टीम और 15 मोबाइल टीम बनाई जाएगी. सभी मीरा भाईदंर मनपा कार्यक्षेत्र मे रहने वाले परिजन अपने बच्चो को जरूर 19 जून को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक टीकाकरण केंद्र स्थित बूथ का पर ले जाए और खुराक दे ध्यान रखे जिनकी बच्चों की उम्र 0 से 5 वर्ष की वह सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। मनपा महापौर ज्योत्सना हस्नाले और आयुक्त दिलीप ढोले ने सभी नागरिकों से अपील की है वह इस योजना का लाभ उठाए और सहभागी बने शहर को पोलियो मुक्त करके।

# छूट गया था बैग सोने के आभुषण सहित 6 लाख के बैग आरपीएफ ने वापस दिए

**नालासोपारा स्टेशन पर यात्री भुल बश बैग ट्रेन मे ही छोडकर निकल गया था।**




**मुंबई तरंग, गणेश पाण्डेय**
पश्चिम रेलवे का सुरक्षा विभाग अपने यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। रेल सुरक्षा बल यात्रियों के सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसी दिशा में नालासोपारा स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मियों ने लोकल ट्रेन में एक यात्री द्वारा छोड़े गए बैग को पुनः प्राप्त करने में मदद की। पश्चिम रेलवे के अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी मुताबिक घटना 15 जून को नालासोपारा स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मी सुभाष चंद्र यादव (उप निरीक्षक) हेड कांस्टेबल जगदीश पाटिल के साथ प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर गश्त लगा रहे थे उसी समय चंद्रकांत बाबू राव पाटिल (34 वर्ष) का यात्री से मिले जो लोकल ट्रेन से उतरते समय अपना बैग साथ लेना भूल गया था नालासोपारा (पूर्व) निवासी यात्र पाटिल ने बताया कि बैग में रु. 6,08,500 मूल्य के कीमती सामान अर्थात सोने के आभूषण, मोबाइल फोन और नकदी थी। आरपीएफ कर्मी तुरंत हरकत में आए और नालासोपारा लौटने वाली ट्रेनों का समय नोट किया। तदनुसार, नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर पहुंचने पर ट्रेन की गहन जांच की गई और कीमती सामान से भरा उक्त बैग बरामद किया गया। इसे सत्यापन और उचित कानूनी औपचारिकताओं के बाद यात्री को सौंप दिया गया। श्री पाटिल ने अपने खोए हुए बैग का पता लगाने के लिए आरपीएफ कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। पश्चिम रेलवे जनसंपर्क अधिकारी ने बताया है कि वर्ष 2021 के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने यात्रियों के लगभग रु. 1.44 करोड़ मूल्य के खोए या छूटे हुए 988 सामान, जबकि चालू वर्ष में 1.58 करोड़ से अधिक मूल्य के 800 से अधिक खोए-छूटे हुए सामान यात्रियों को लौटाए। पश्चिम रेलवे को अपने सुरक्षा कर्मियों पर गर्व है, जो हमारे यात्रियों की संरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने की सीमा तक हरसंभव कदम उठाने को तैयार रहते हैं।

# आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ने की अधिसूचना जारी, अब युवा साल में चार बार दर्ज करा सकेंगे नाम

केंद्र सरकार ने आधार को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए अधिसूचना जारी कर दी। सरकार ने शुक्रवार को इस आशय की चार अधिसूचनाएं जारी कीं। इसके तहत आधार को मतदाता सूची से जोड़ने के अलावा सेवा मतदाताओं के लिए मतदाता सूची को लैंगिक निष्पक्ष बनाने, युवा मतदाताओं को साल में एक के बजाय चार बार मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने का मौका मिलेगा। साथ ही आयोग अब चुनाव संबंधी सामग्री के भंडारण और सुरक्षा बलों व चुनाव कर्मियों को ठहराने के लिए किसी भी इमारत की मांग कर सकता है। यह अधिसूचना संसद द्वारा पारित निर्वाचन संशोधन कानून 2021 के तहत जारी की गई है। विधि मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्विटर पर लिखा, चुनाव आयोग से परामर्श के बाद इस संबंध में चार अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने एक चार्ट भी साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि इससे एक ही व्यक्ति के एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाएगा। रिजिजू ने कहा कि अब जो युवा पहली जनवरी या 1 अप्रैल या एक जुलाई या पहली अक्तूबर को 18 साल पूरा करेगा वह तुरंत मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने का आवेदन दे सकता है।



यह हिन्दी साप्ताहिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - दिलीप नानजीभाई पटेल द्वारा 403, बिल्डिंग नं.1, रोशन नगर, एस.आर.ए, सी.एच.एस. लि. नियर गणेश मंदिर, ओशिविरा जोगेश्वरी (प्र) मुंबई 400102 से मुद्रित कर एस.आर. पब्लिकेशन एवं प्रिंटींग प्रेस, गाला नं.8/9/10, नीयर घरातन पाड़ा ऑपोजिट रामेश्वरम बिल्डिंग, वैशाली नगर लास्ट बस स्टोप टाईटल फ्रंट, दहिसर (पूर्व), मुंबई 400068 से प्रकाशित किया गया है। संपादकः दिलीप नानजीभाई पटेल, उप संपादकः किरीट अमृतलाल चावड़ा RNI No. MAHHIN/2020/78591 Mob: 7666090910 / 9574400445 Email : mumbaitarang@gmail.com / pateldilipuk2014@gmail.com वाद-विवाद का क्षेत्र मुंबई होगा।